जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 320 प्रभात चूरू, गुरुवार 20 मार्च, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# प्र.मंत्री मोदी दो दिन की यात्रा पर आर.एस.एस. के मुख्यालय जायेंगे, 24 व 25 मार्च को

## मोदी दस साल में पहली बार, प्र.मंत्री बनने के बाद, आर.एस.एस. मुख्यालय जायेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 मार्च। प्रधानमंत्री मोदी, सरसंघ चालक मोहन भागवत से दूरियां मिटाने के लिए 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय यात्रा पर नागपुर जा रहे हैं। गत दस सालों में जब से मोदी के नेतृत्व में भाजपा केन्द्र में सत्तारूढ़ हुई है, पहली बार मोदी संघ मुख्यालय जा रहे हैं। सूत्रों ने इसे मोदी और भागवत के बीच "सीज़फायर" बताया।

सूत्रों ने बताया कि सरकार के शुरुआती दिनों में संघ नेता चर्चा के लिए रेसकोर्स रोड आया करते थे, पर, फिर उस पर रोक लगा दी गई।

दोनों के बीच गहरी खाई रही है। इतनी कि दोनों ही भाजपा अध्यक्ष पद के लिए एक-दूसरे की पसंद को अस्वीकार कर रहे हैं और यह निर्णय अभी भी लंबित है। भाजपा, केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों में आर.एस.एस. अपनी चलाना चाहती है।

- इस यात्रा को जानकार लोग "मोदी व भागवत के बीच "सीज़फायर" की संज्ञा दे रहे हैं। क्योंकि प्र.मंत्री मोदी व संघ प्रमुख मोहन भागवत के बीच दूरियां काफी चर्चित हो गई थी तथा दोनों एक-दूसरे से कई मुद्दों पर सहमत नहीं हो पा रहे थे। विशेषकर ऐसे मुद्दे पर भी कि नया भाजपा अध्यक्ष कौन बने।
- कई विवादास्पद मुद्दों में एक बड़ा मुद्दा यह भी है कि सितम्बर में मोदी 75 वर्ष के हो जायेंगे, तब वे रिटायरमैंट लेंगे, संघ व पार्टी की स्थापित परम्परा के अनुसार या यह सिद्धांत उन पर लागू नहीं करने का निर्णय लिया जायेगा। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि मोदी की रिटायरमैंट की तारीख से एक सप्ताह पूर्व ही मोहन भागवत भी 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके होंगे। ऐसी हालत में 75 की उम्र पार करने के बाद कोई भी नेता संगठन व पार्टी किसी भी पद से रिटायरमैंट ले लेंगे, इस सिद्धांत का क्या होगा।
- ऐसे कई मुद्दे हैं, जिन पर मोदी-भागवत की बैठक में चर्चा होगी तथा कोई ठोस निर्णय उभरने की आशा है।

बताया जाता है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के पद पर अंततः भाजपा को संघ की पसंद देवेन्द्र फड़नवीस को स्वीकार करना ही पड़ा था।

भाजपा नेता कहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को जो 240 सीटें मिली है। यह स्पष्ट प्रमाण है कि चुनावों में संघ ने भाजपा का पूर्ण सहयोग नहीं किया और यही सच्चाई भाजपा नेतृत्व को संघ के दरवाजे पर ले गई है।

सूत्रों ने यह बताने के लिए मोदी और भागवत के बीच "सीज़फायर" शब्द का इस्तेमाल किया है कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी, जिनमें प्रमुख है भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा। मोदी के अगले मंत्रिमंडल में फेरबदल में किसे शामिल किया जाए, किसे हटाया जाए? आने वाले दिनों में योगी आदित्यनाथ की क्या भूमिका होगी? सितम्बर में मोदी 75 साल के हो जाएंगे, उसके बाद का रोड मैप क्या होगा? उसके 6 दिन पहले भागवत भी 75 के हो जाएंगे।

क्या दोनों नेताओं के बीच सहमति बनेगी। दोनों टकराव के रास्ते पर चलते रहेंगे, जैसे गत कुछ वर्षों से चल रहे हैं। सभी की नज़रें इन दोनों की मीटिंग पर ही है।

## 9 माह बाद धरती पर कदम रखे सुनीता विलियम्स ने

फ्लोरिडा, 19 मार्च। भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। इस अंतरिक्ष यान के जरिए 17 घंटे की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर पृथ्वी पर लौटे। इसके बाद अंतरिक्ष यान में सवार सभी यात्रियों के सेहत की जांच के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू हुई। नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी का सीधा प्रसारण किया है। सुनीता विलियम्स की सफल वापसी के बाद नासा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इलन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स को धन्यवाद दिया।

- नासा ने सुनीता व उनके साथियों की सफल वापसी के लिए एलन मस्क की कम्पनी स्पेसऐक्स को धन्यवाद दिया।

# एक तरफ भारत के बाँग्लादेश से रिश्ते में तनाव बढ़ता जा रहा है

## दूसरी ओर चीन ने बाँग्लादेश में वित्तीय व मैडिकल मदद के लिये सारे दरवाजे खोले

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 मार्च। ऐसा लगता है कि पिछले कुछ महीनों में बाँग्लादेश के बारत के बिगड़ते हुये सम्बंधों के चलते, चीन ने बाँग्लादेश में अपना निवेश जबरदस्त मात्रा में बढ़ा दिया है।

जहाँ भारत इलाज के लिये भारत आने की इच्छा रखने वाले बाँग्लादेशियों के मामले में सख्ती बरत रहा है, वहीं एक चीनी अधिकारी ने यह कहा बताते हैं कि चीन दक्षिण -पश्चिमी राज्य यूनान में मेडिकल टूरिज़्म मार्केट की संभावनाएं तलाश रहा है। चीन के इस कदम का लक्ष्य बाँग्लादेशी ही हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि जब से नोबल लॉरिएट मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अन्तरिम सरकार बनी है, उसके बाद 14 चीनी कम्पनियाँ बाँग्लादेश में 230 मिलियन डॉलर से ज्यादा निवेश कर चुकी हैं। बाँग्लादेश के वास्तविक प्रधानमंत्री, यूनुस इस माह के अन्त में चीन यात्रा पर जाने वाले हैं, जहाँ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मीटिंग होगी। रिपोट्र्स के अनुसार, चीन ढ़ाका में एक फ्रेन्डशिप हॉस्पीटल खोलने पर विचार कर रहा है, ताकि बाँग्लादेशी वहाँ निशुल्क इलाज करा सकें। जहाँ तक यूनुस का प्रश्न है, उन्होंने ऑनरिकॉर्ड यह बात कही है कि बाँग्लादेश अपना बाजार चीन के लिये खोल देने के लिये तैयार है। इससे पूर्व, एक शीर्ष चीनी सोलर एनर्जी कम्पनी बाँग्लादेश में अपना कार्यालय शुरु करने तथा मैन्यूफैक्चरिंग में निवेश करने के लिये सहमत हो गई है।

- भारत, उदाहरण के लिये बाँग्लादेश से ईलाज के लिये आने वाले लोगों को वीज़ा देना काफी कम करता जा रहा है और अब प्रतिदिन 1,000 से कम वीज़ा जारी किये जा रहे हैं, जबकि रिश्तों में तनाव आने से पूर्व, रोज 5,000 से 7,000 वीज़ा जारी होते थे।
- दूसरी, चीन ढ़ाका में एक "फ्रैंडशिप हॉस्पीटल" खोलने की बात कर रहा हैं, बाँग्लादेशियों के लिये।
- साथ ही, खासकर, बाँग्लादेशियों के लिये, "मैडिकल टूरि्ज्म" को प्रोत्साहित कर रहा है चीन तथा चीन के दक्षिण पूर्वी इलाके में, युन्नान को मैडिकल टूरि्ज्म का "हब" बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।
- वित्तीय आदान-प्रदान की दृष्टि से चीन की 14 कंपनियों ने बाँग्लादेश में 230 मिलियन डॉलर इनवेस्ट किये हैं, जब से, मोहम्मद युनुस के नेतृत्व में नई सरकार बनी है।
- युनूस ने भी चीन को विश्वास दिलाया है कि बाँग्लादेश अपना मार्केट पूर्णतया खोल देगा, चीने में निर्मित माल बेचने के लिये।

पिछले कुछ महीनों में, भारत ने बाँग्लादेशियों को प्रतिदिन 1000 मेडिकल वीसा से भी कम वीसा दिये हैं, जबकि शेख हसीना के शासनकाल में 5000-7000 वीसा प्रतिदिन दिये जाते थे। हसीना गत वर्ष अगस्त के बाद भारत में रह रही हैं तथा उन पर मुकदमा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संघ ने "औरंगज़ेब" मसले पर हुई हिंसा से दूरी बनाई

## संघ के प्रवक्ता ने अधिकृत रूप से कहा कि छठा मुगल बादशाह औरंगज़ेब, जिसकी 300 साल पहले मृत्यु हुई थी, आज "इररैलेवैंट" (महत्वहीन) हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 मार्च। औरंगज़ेब के मकबरे को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के दौर में एक गंभीर कदम उठाते हुए संघ ने खुद को इससे अलग कर लिया है। भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा छठा मुगल बादशाह आज के दौर में प्रासंगिक नहीं है।

हालांकि संघ खुद को हिंदु-मुसलमान मुद्दे से दूर करने का प्रयास कर रही है पर संघ के राजनैतिक विस्तार भाजपा के लिए यह महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसके नेताओं को अक्सर नवजीवन प्रदान करता है। जाने माने विशेषज्ञों का सवाल है कि संघ ने जिस जिन्न को बोतल से बाहर निकाला था क्या उसे पुनः बोतल में बंद किया जा सकता है।

- कर्नाटक में 21 तारीख से आयोजित ऑल इंडिया प्रतिनिधि सभा के एजेंडा की जानकारी देते समय संघ के मुख्य प्रवक्ता सुनील अंबेडकर ने यह भी कहा कि किसी भी तरह की हिंसा समाज के लिये "अनहैल्दी" (हानिकारक) है।
- उनसे जब सीधा पूछा गया कि क्या आज मृत्यु के तीन सौ साल बाद, औरंगज़ेब का कुछ महत्व है तो उन्होंने दो टूक जवाब दिया, "बिल्कुल नहीं।"

उत्तर प्रदेश में कुछ माह पूर्व जब संभल मस्जिद विवाद उठा था तब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजना बंद कर देना चाहिए। पर तब संघ से जुड़े संगठनों विहिप, बजरंगदल आदि ने भागवत की आलोचना की थी।

ऑल इंडिया प्रतिनिधि सभा जिसका आयोजन कर्नाटक में 21 से 23 मार्च को हो रहा है, से पहले संघ के संचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने कहा कि किसी भी किस्म की हिंसा समाज के लिए घातक है और आज के दौर में औरंगज़ेब की कोई प्रासंगिकता नहीं है। उन्होंने औरंगज़ेब का मकबरा, जो नागपुर से 500 किलोमीटर दूर छत्रपति संभाजी नगर में है, को हटाने की मुहिम से अप्रत्यक्ष रुप से इन्कार का संकेत दिया और शांति व सद्भावना बनाए रखने की बात कही।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## थप्पड कांड के आरोपी नरेश मीणा को अभी रिहाई नहीं

जयपुर, 19 मार्च राजस्थान हाईकोर्ट ने देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के मतदान के दौरान बूथ पर एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में निर्दलीय उम्मीदवार रहे आरोपी नरेश मीणा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस अनिल उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील महेश शर्मा ने कहा कि प्रकरण साधारण मारपीट का है, जबकि याचिकाकर्ता कई माह से न्यायिक

- राजस्थान हाई कोर्ट ने देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा, जो एस.डी.एम. को थप्पड़ मारने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में हैं, की जमानत याचिका खारिज कर दी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'एक दिन में 5 घंटे से ज्यादा नहीं पढ़ा सकेंगे कोचिंग संस्थान'

## 'विद्यार्थी ने पढ़ाई बीच में छोड़ी तो दस दिन में बकाया फीस लौटानी होगी'

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 19 मार्च। भजनलाल सरकार ने कोचिंग संस्थानों को कानूनी दायरे में लाने के लिए बुधवार को राज्य विधानसभा में राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक-2025' पेश किया। उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने विधयेक सदन के पटल पर रखा। अब इस पर चर्चा होगी। बिल पास होने पर कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। पिछले सप्ताह प्रदेश में कोचिंग केन्द्रों पर प्रभावी नियंत्रण और विद्यार्थियों को मानसिक संबल और सुरक्षा देने की मंशा से मंत्रिमंडल की बैठक में यह बिल मंजूर किया गया था।

उच्च शिक्षा मंत्री बैरवा ने कहा कि कोचिंग छात्रों के अभिभावकों की शिकायतें व लगातार हो रही आत्म हत्या की घटनाओं को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गंभीरता से लिया, इसलिए हम कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के लिए विधेयक लाए हैं। इसमें जिला स्तरीय कमेटी बनाने का प्रावधान भी है और राज्य स्तर पर भी कमेटी बनाएंगे। कोचिंग संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। अनियमितता पाई गई तो कार्रवाई होगी व बार-बार गलती करने पर कोचिंग संस्थान को बंद किया जा सकता है।

- कोचिंग संस्थानों को कानूनी दायरे में लाने के लिये राज्य विधानसभा में उच्च शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने राजस्थान कोचिंग सैंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पेश किया।
- बिल में प्रावधान है कि कानून लागू होते ही तीन माह के अंदर कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वरना कोचिंग संस्थान बंद कर दिया जायेगा।
- कोचिंग संस्थानों पर निगरानी के लिए एक राज्यस्तरीय अथॉरिटी गठित होगी, उसके अधीन हर जिले में मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भी अथॉरिटी गठित होगी।
- रजिस्ट्रेशन की शर्तें पूरी नहीं करने पर कोचिंग संस्थान को पहली बार में दो लाख रूपए, दूसरी बार में 5 लाख रूपए जुर्माना देना होगा। तीसरी बार में कोचिंग संस्थान बंद कर दिया जाएगा।

बैरवा ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति ठीक रहे, व्यक्तित्व का अच्छा डेवलपमेंट हो, अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण लाने का यह पहला प्रयास है, जो कमियां रहेंगी, उन्हें दूर करेंगे।

कानून आने के बाद, छात्रों के लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा। अधिनियम के लागू होने के पश्चात कोई भी कोचिंग सेंटर वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना संचालित नहीं होगा। अधिनियम के लागू होने की तारीख से तीन माह में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा।

कोई भी कोचिंग संस्थान अगर रजिस्ट्रीकरण की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो उस पर पहली बार में 2 लाख रुपए व दूसरी बार में 5 लाख रुपए जुर्माना किया जाएगा और तीसरी बार में रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा।

प्रदेश में राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्ययूट्स (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) अथॉरिटी का गठन होगा। उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव इसके अध्यक्ष होंगे। अथॉरिटी के अधीन हर जिले में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वन रक्षक भर्ती परीक्षा पेपरलीक मामले में तीन कॉंस्टेबल गिरफ्तार

जयपुर, 19 मार्च। अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुए वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपरलीक मामले में एसओजी ने कार्यवाही करते हुए तीन पुलिस कांस्टेबल सहित एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी की टीम चारों आरोपियों को उदयपुर से गिरफ्तार कर बांसवाड़ा ले जा रही है। एसओजी के एडी. डी.जी.पी.

- वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020, 13 नवम्बर 2021 को आयोजित हुई थी। इस दौरान सांवला राम जाट के घर पर उसकी महिला मित्र शारदा पुत्री नगाजी भील सहित छह लोगों को पेपर पढ़ाया गया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ईडी पिछले दस साल में केवल दो राजनीतिज्ञों को अपराधी करार करा सकी है''

## कनिष्ठ वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में यह लिखित जानकारी दी, एक प्रश्न के उत्तर में

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 मार्च। मोदी सरकार ने आज राज्यसभा को सूचित किया कि एनफोर्समैंट डायरेक्ट्रेट (ईडी) ने अब तक जिन 193 राजनेताओं के खिलाफ, जाँच के बाद, केस दर्ज किये हैं, उनमें से केवल दो राजनेताओं पर ही दोष सिद्ध हुये हैं।

यह जानकारी आज जूनियर वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को एक सांसद द्वारा पूछे गये प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

इससे पूर्व, एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि 25 विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज केस, उनके भाजपा में शामिल होने के बाद वापस ले लिये गये थे। इन नेताओं में पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण तथा असम के मुख्यमंत्री हिमन्ता बिस्वा सरमा सहित अन्य कई नेता शामिल हैं।

दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी के नेता तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेता कथित शराब घोटाले के सिलसिले में जेल भेज दिये गये थे।

- जानकारी में यह भी कहा गया कि अब तक 193 मामले राजनीतिज्ञों के खिलाफ दर्ज किये हैं ईडी ने।
- पहला "कनविक्शन" आदेश ईडी ने 2016-17 में तथा दूसरा "कनविक्शन" 2019-20 में प्राप्त किया था।
- मंत्री ने अपने जवाब में यह भी लिखा कि सबसे ज्यादा ईडी के मामले (59 मामले) 2022-24 के बीच दर्ज किये गये थे, जबकि लोकसभा के 2024 चुनाव सिर पर थे।
- जैसा कि विदित ही है, ईडी की कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय में अपील की जा सकती है तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी गत नवम्बर में ईडी मामलों में इतनी कम "कनविक्शन" होने पर टिप्पणी की थी तथा ईडी को अपनी जाँच पर और फोकस करने की सलाह दी जिससे "कनविक्शन" रेट बढ़ सके। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में यह पूछा था कि किसी भी व्यक्ति को कितने दिन तक "ट्रायल" पर रखा जा सकता है।

चौधरी ने अपने जवाब में लिखा, "सांसदों, विधायकों तथा स्थानीय नेताओं के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज केसों के आँकड़े राज्य-वार एवं पार्टी-वार संधारित नहीं किये गये हैं। चौधरी के उत्तर में 1 अप्रैल, 2015 से 28 फरवरी, 2025 के बीच ईडी द्वारा राजनेताओं के खिलाफ दर्ज केसों का ब्यौरा वार्षिक आधार पर दिया गया है।

सर्वाधिक 32 केस वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज हुये, उसके बाद 2020-21 तथा 2023-24 में प्रत्येक वर्ष में 27 केस तथा 2019-20 एवं 2021-22 में प्रत्येक वर्ष 26 केस दर्ज हुये।

जूनियर वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों की संवीक्षा बताती है कि ईडी अधिकारियों की कार्यवाहियों में नरेन्द्रमोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में उछाल आया। दूसरे कार्यकाल की उस अवधि में खासतौर से ज्यादा केस दर्ज किये गये, जब 2024 के लोकसभा चुनाव होने को थे। 2022 से 2024 के बीच 59 केस दर्ज किये गये।

मंत्री द्वारा दिये गये वर्ष-वार ब्रेकअप के अनुसार, एक राजनेता 2016-17 में तथा एक 2019-20 में दोषी पाया गया था।

पिछले कुछ वर्षों में, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कई नेता ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गये, जैसे पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दो सहायक- ज्योतिप्रिय मलिक तथा अणुव्रत मंडल आदि। इनके अलावा, कई अन्य तृणमूल विधायक भी गिरफ्तार किये गये।

चटर्जी के अलावा, इनमें से अधिकांश नेताओं को जमानत मिल चुकी है। एजेंसी कथित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 18 पत्रकारों को प्रतिमाह सम्मान निधि मंजूर की मुख्यमंत्री ने

जयपुर, 19 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 18 वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों को सम्मान निधि दिए जाने को मंजूरी दी। इन्हें राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार योजना के तहत सम्मान निधि दी जाएगी। इन आवेदनकर्ता पात्र पत्रकारों के नामों की अनुशंसा जनसम्पर्क विभाग की विभागीय समिति ने की थी।

- राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के तहत इन पत्रकारों को प्रतिमाह 15 हज़ार रूपए दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत पात्र पत्रकारों को प्रतिमाह 15 हजार रुपए सम्मान निधि प्रदान की जाती है। साठ वर्ष की आयु से अधिक जिन कुल 18 वरिष्ठ पत्रकारों को यह सम्मान निधि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

करता सा सो क्यों किया, अब करि क्यों पछताए
बोवे पेड़ बबूल का, आम कहाँ से खाए। -कबीर

# पीओके को भारत में मिलाने की तैयारी? अमेरिका की चेतावनी के मायने

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथसिंह और विदेश मन्त्री एस जयशंकर प्रसाद की ताज़ा टिप्पणियों ने भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ा दिया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर अर्थात पीओके का भारत में विलय कभी भी हो सकता है। इस स्टेटमेंट के बाद दोनों देशों ने सीमाओं पर अपनी सेनाओं का भारी जमावड़ा आरम्भ कर दिया है। दरअसल पाकिस्तान एक असफल राष्ट्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। वहां मंहगाई आसमान छू रही है वहां के नागरिकों को आम जरूरतों जैसे आटा, दाल, तेल सब्जी की पूर्ति के लिए भी भारी मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है। आतंकवादियों की शरणस्थली के रूप में कुख्यात पाकिस्तान को अपने ही देश के भीतर बलुचिस्तान और सिंध के विद्रोहियों से जूझना पड़ रहा है। इस बीच पीओके में तेजी से भारत के साथ विलय की मांग हो रही है। पीओके के नागरिकों की तो आम पाकिस्तानियों से भी बुरी हालत है। बस इसी मौके पर भारत सरकार ने पीओके को अपने में मिलाने की चाल चली है जिस पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारी प्रतिक्रिया हुई है। सबसे पहले अमेरिका ने आतंकवाद और सैन्य गतिविधि के जोखिम का हवाला देते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा के पास के क्षेत्रों में अपने नागरिकों को यात्रा न करने की सलाह जारी की है। वैसे तो ऐसी एडवाइजरी समय-समय पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी सरकारें करती रहती है लेकिन विश्व में अनेक क्षेत्रों में चल रहे युद्धों के बीच एशिया में तनाव का यह नया क्षेत्र उभरना अमेरिका को परेशान करने वाला है। अमेरिका ने कहा है कि यह दोनों देशों के बीच नए सिरे से तनाव का उभार आया है, जिससे संभावित भू-राजनीतिक बदलावों के बारे में तेजी सवाल उठ रहे हैं। तो क्या भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ बड़ा होने जा रहा है? अमेरिका की जारी एडवाइजरी तो यही इशारा कर रही है।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लंबे समय से चल रहा है लेकिन यह मुद्दा हाल के घटनाक्रमों के बाद संभावित तनाव में वृद्धि करने वाला है। इसने इस बात को लेकर अटकलों को हवा दी है कि क्या दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच कोई बड़ी घटना घटने वाली है। तो क्या भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ बड़ा होने जा रहा है? भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर, सीमा पार आतंकवाद सैन्य झड़पों का ऐतिहासिक कारण रहा है। हालांकि भारत और पाकिस्तान के लिए नियंत्रण रेखा पर तनाव कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल की घटनाओं से वैश्विक बैचेनी का संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के बाद चीन और रूस ने भी संयम बरतने की अपील की है। पीओके को भारत में मिलाने की तैयारी दिन-प्रतिदिन तेज होती जा रही है पाकिस्तान इस समय एक असफल राष्ट्र के रूप में सामने आया हुआ है जो कई समस्याओं से एक साथ जूझ रहा है। ताजा तरीन मामला बलूचिस्तान का है जहां पर खुलेआम वहां के विद्रोहियों ने पाकिस्तान की सेना को चुनौती दे रखी है। यद्यपि यह सही है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और दोनों ही नहीं चाहेंगे कि युद्ध की ऐसी स्थिति बने जिसमें विनाशकारी हथियारों का उपयोग हो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस बात के निगरानी और चेतावनी लगातार जारी की जा रही है लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत में मिलना अब न केवल रणनीतिक रूप से जरूरी हो गया है बल्कि बलूचिस्तान और सिंध को भी भारत की सहायता से पाकिस्तान से अलग करने का समय आ गया है। पाकिस्तान कई टुकड़ों में विभाजित होकर नए तरह का भूभाग का स्वरूप बन जाएगा। स्वयं पाकिस्तानी नागरिक समय-समय पर भारत की विकसित और सफल अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हैं और कहते हैं कि बेहतर होता कि हम भारत का हिस्सा ही होते।

भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित तनाव के कारण निश्चित रूप से बहुत सारे मोर्चों पर विविधताएं और परेशानियां आएंगी लेकिन पीओके के कारण मोर्चे की हिफाजत पर होने वाले खर्च को यदि हम देखें और विगत 70 वर्षों में हमने जितना खर्च इस भूभाग की रक्षा के लिए अपनी सेना के माध्यम से किया है और जितना आतंकवाद झेला है उसको देखते हुए अब भारत की तैयारी कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। भारत से उलझना पाकिस्तान सरकार के लिए वहां की जनता को वास्तविक मुद्दों से भटकना है वहीं भारत सरकार के लिए यहां की जनता के उफान खाते जन समर्थन को कैश कराना है।

**भारत सरकार और भारतीय संविधान की दृष्टि में पूरा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पीओके भी शामिल है, भारत का हिस्सा है। इसलिए जब भी पीओके पर भारत का नियंत्रण होगा, पीओके के लोग अपने आप भारतीय नागरिक हो जाएंगे। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार, आप जन्म से, वंशानुगत आधार पर और रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भारत की नागरिकता प्राप्त की जा सकती है।**

उल्लेखनीय है कि भारतीय संसद ने 1994 में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान के कब्जे में कश्मीर का जो हिस्सा पीओके है वो भारत का हिस्सा है और इसे वापस लिया जाएगा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 के अनुसार, भारत एक संघ है जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बारे में बताया गया है। जम्मू और कश्मीर भारतीय संघ का अभिन्न हिस्सा है और भारतीय संसद ने इस पर कई बार अपनी स्पष्ट स्थिति भी व्यक्त की है। भारत सरकार और भारतीय संविधान की दृष्टि में पूरा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पीओके भी शामिल है, भारत का हिस्सा है। इसलिए जब भी पीओके पर भारत का नियंत्रण होगा, पीओके के लोग अपने आप भारतीय नागरिक हो जाएंगे। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार, आप जन्म से, वंशानुगत आधार पर और रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भारत की नागरिकता प्राप्त की जा सकती है।

भारतीय संविधान के मुताबिक, पीओके के लोग पहले से ही भारत के नागरिक माने जाते हैं, क्योंकि भारतीय संविधान जम्मू और कश्मीर जिसमें पीओके भी शामिल है को राज्य के सभी निवासियों को भारतीय नागरिक मानता है। मौजूदा सरकार मानती है कि हमें इस सम्बन्ध में सभी जरूरी कदम तेजी से उठाने होंगे। इसी क्रम में अगस्त 2019 में मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के फैसले ने भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया था । उस समय सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पीओके भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा है और इसे वापस लाने के लिए हर संभव कूटनीतिक और कानूनी और सामरिक कदम उठाए जाएंगे। क्या इस युद्ध में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा, यह आशंका इसलिए है कि पाकिस्तान बार-बार ऐसी चेतावनी देता रहा है। लेकिन यह इतना आसान नहीं है। भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया इस तरह की कोई भी हरकत किसी हालत में नही होने देंगे। रूस यूक्रेन के मध्य तीन साल से युद्ध चल रहा है इसमें रूस के लाखों सैनिक मारे जा चुके हैं लेकिन लगातार परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां देने के बावजूद रूस ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया। स्पष्ट है यहां सीधे-सीधे शक्ति संतुलन का नियम लागू होता है। भारत के लिए इस समय पाकिस्तान को सुलटाने का उचित समय है। इससे एक साथ दो मोर्चों पर संतुलन बनेगा। एक तरफ एक तरफ पाकिस्तान है तो दूसरी तरफ बांग्लादेश, जहां भारत विरोधी गतिविधियां तेज हैं। यदि बांग्लादेश को नियंत्रित करना है तो उसे पाकिस्तान से मिलने वाले समर्थन को रोकना होगा और यह काम पाकिस्तान पर प्रभावी अंकुश के रूप में ही हो सकता है।

इसी बीच रूसी नौसेना की फ्लीट ने पाकिस्तान का दौरा कर सबको चौंका दिया है। बहुत समय बाद ऐसा देखा गया है, जब रूसी नौसेना के युद्धपोत पाकिस्तान पहुंचे हैं। इन युद्धपोतों में दो फ्रिगेट और एक मध्यम श्रेणी का समुद्री टैंकर शामिल है। इसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत को संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है। इससे पहले रूस ने भारत के साथ संबंधों के कारण पाकिस्तान से दूरी बनाकर रखी हुई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भू-राजनीतिक उठापठक के कारण रूस पाकिस्तान संबंधों में गर्मजोशी देखी गई है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा था, "उनका देश पाकिस्तान के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी बढ़ाना चाहता है, क्योंकि उसका मानना है कि एक कमजोर पाकिस्तान, भारत और अफगानिस्तान समेत क्षेत्र में किसी के हित में नहीं होगा।"

बाद में अलीपोव ने अपने इस बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि उनका देश कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा, जो भारत के हितों के लिए हानिकारक हों। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में कभी भी भारत के लिए नुकसान पहुंचाने वाला कुछ नहीं करेंगे। इस्लामाबाद के साथ हमारे सीमित रक्षा संबंध हैं। लेकिन, यह बहुत सीमित हैं और आतंकवाद विरोधी उद्देश्यों के लिए निर्देशित हैं। रूस भारत को यह संदेश देना चाहता है कि भारत अगर रूस के हितों का ध्यान नहीं रखता है तो रूस के पास भी पाकिस्तान से संबंधों को आगे बढ़ाने का विकल्प है। वहीं रूस और पाकिस्तान दोनों देश वर्तमान में दुनिया में अलग-थलग हैं और उन्हें एक-दूसरे की जरूरत भी है। लेकिन इस सबसे यह तो स्पष्ट है कि भारत के सम्भावित कदमों से पूरी दुनिया चौकन्नी है और अगले कदमों को सावधानी से देख रही है।

**-राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**अतिथि संपादक**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

# चंबल रिवर फ्रंट-अद्भुत और अकल्पनीय



राजेन्द्र भाणावत

**हाल** ही में मुझे कोटा जाने का अवसर मिला. वहां पर रिवर फ्रंट के रूप में नव विकसित आकर्षण को देखकर मुझे गर्व का अनुभव हुआ कि राजस्थान में भी इस प्रकार का निर्माण संभव हो पाया है। मेरे विचार से इस प्रकार का सुंदर रिवर फ्रंट न केवल भारत अपितु पूरी दुनिया में शायद कहीं नहीं है।

कोटा में इस प्रकार के विकास का विशेष महत्व है क्योंकि कोटा की छवि कभी भी पर्यटन नगरी के रूप में नहीं रही है। सत्तर के दशक तक कोटा की पहचान औद्योगिक नगरी के रूप में थी। यहां पर कई बड़े उद्योग जैसे जे के, श्रीराम रियोन्स, इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड आदि थे जिनमें हजारों लोग कार्य करते थे। श्रमिक आंदोलन के कारण धीरे-धीरे यहां के अधिकांश उद्योग बंद होने लगे जिससे बेरोजगारी की समस्या ने बड़ा रूप ले लिया। फलवरूप, शहर में अपराध की घटनाओं में वृद्धि होने लगी।

इसके पश्चात कोटा की पहचान एक कोचिंग शहर के रूप में में बनी। यहां की प्रमुख कोचिंग संस्थाओं ने अपने उत्कृष्ट परिणामों के कारण शीघ्र ही देश में ख्याति प्राप्त कर ली। देश के विभिन्न भागों से छात्र-छात्राएं आईआईटी, जेईई , नीट आदि की की तैयारी के लिए कोटा आने लगे। एक समय तीन से चार लाख बच्चे यहां के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई कर रहे थे। कुछ वर्षों बाद कई प्रमुख कोचिंग संस्थानों ने अन्य शहरों में अपनी शाखाएं खोल लीं। इस कारण कोचिंग के लिए कोटा आने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बहुत कमी हो गई। परिणामस्वरूप, कोटा की जो छवि कोचिंग नगरी की बनी थी, वह भी धीरे-धीरे कम होने लगी।

कोटा के विधायक और पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल द्वारा कोटा में कराए गए अनेक विकास कार्यों के कारण इसके पर्यटन नगरी के उभरने के संभावना बनी है। कोटा संभवतया भारत का अकेला ऐसा शहर होगा जहां कोई ट्रैफिक लाइट नहीं है। शहर में अनेक फ्लाईओवर और चौराहे विकसित किए गए हैं। प्रत्येक चौराहे को बहुत सुंदर रूप दिया गया है। कई स्थानों पर महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। यहां पर दुनिया के सात आश्चर्यों जैसे पेरिस की एफिल टावर, इटली की लीनिंग टॉवर ऑफ पीसा, रोम के कोलोसियम, ताजमहल, मिस्त्र के पिरामिड की बहुत सुंदर प्रतिकृतियां स्थापित की गई हैं।। ये कोटा के मध्य स्थित सरोवर झील के किनारे पर हैं।

शांति धारीवाल ने अपने दूसरे कार्यकाल 2018 से 23 के मध्य कोटा के और अधिक विकास पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य, चंबल नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट को विकसित करने का किया गया। लगभग ढाई वर्ष की अल्प अवधि में 1200 करोड रुपए की लागत से ऐसा रिवर फ्रंट बना दिया, जिसका विश्व में कोई सानी नहीं है। इसके कारण यहां पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होने की संभावना है और कोटा राजस्थान के प्रमुख पर्यटक नगर के रूप में विख्यात हो सकता है। दोनों रिवर फ्रंट को "ईस्ट रिवर फ्रंट" और "वेस्ट रिवर फ्रंट" के नाम से जाना जाता है। इसके आर्किटेक्ट अनूप बरतरीया हैं। ईस्ट रिवरफ्रंट लगभग 5 किलोमीटर लंबा है और यह नया पुरा घाट से प्रारंभ होकर कोटा बैराज तक जाता है। इसके प्रारंभ में बुकिंग ऑफिस, पार्किंग इत्यादि की सुविधाएं हैं।

इसके बाद एक के बाद स्थापत्य कला के अनेक बेजोड़ नमूने निर्मित किए गए हैं। दोनों फ्रंट पर कुल लगभग 26 घाट विकसित किए गए हैं। पूर्व मे सबसे पहले है नयापुरा घाट, जिसे नयाघाट बावड़ी का पुनरुद्धार कर विकसित गया है। इसमें बंसी पहाड़पुर का पत्थर काम में लिया गया है इसमें कुल 932 सीढ़ियां हैं। इसके बाद गणेश पोल, सिंह घाट, उत्सव घाट और साहित्य घाट हैं। साहित्य घाट को किताबों के पृष्ठ के रूप में बनाया गया है। इसका उद्देश्य सृजनशील लेखन की प्रेरणा देना है ।इसके बाद छोटी- बड़ी समद, सुरभि वाटिका और महात्मा गांधी सेतु तथा हाड़ौती घाट हैं। हाड़ोती घाट पर बूंदी की प्रसिद्ध चौरासी खंभों की छतरी का सुंदर निर्माण दिखाई देता है। इसके आगे विश्व मैत्री घाट है। इस घाट पर विश्व के प्रमुख स्मारकों की बहुत सुंदर प्रतिकृतियां बनाई गई है जैसे इटली का ट्रैवी स्क्वायर, पगोड़ा अमरीका का कैपिटल। इसके आगे शीश महल, जंतर मंतर घाट और गणेश पोल हैं। इनमें बहुत सुंदर चित्रकारी भी की हुई है। यहां पर धातु से निर्मित बहुत बड़ा ग्लोब भी बनाया गया है इसमें विभिन्न महाद्वीप दर्शाए गए हैं और इन महाद्वीपों पर वहां के संबंधित विभिन्न महापुरुषों की मूर्तियां बनाई गई हैं। इसी प्रकार एक वृत्ताकार आकृति में 12 राशियों के प्रतीक चिन्ह जैसे मीन ,वृश्चिक, कुंभ, आदि के शिल्प बहुत उच्च श्रेणी के बनाए गए हैं । यह व्यवस्था भी की गई है कि पर्यटक अपनी राशि के समक्ष बनाई गई कुर्सी पर बैठ कर फोटो ले सके। इसके पश्चात अति सुंदर चंबल माता घाट बनाया गया है, जहां प्रतिदिन संध्या चंबल की आरती की जाती है। यह उसी प्रकार की है जैसे वाराणसी में गंगा आरती या जबलपुर में नर्मदा आरती है।

यहीं पर अति सुंदर और प्रभावकारी लेज़र शो का आयोजन प्रति एक घंटे के बाद होता है। संगीत मय फव्वारे (म्यूजिकल फाउंटेन) भी नियमित चलते रहते हैं जो संगीत और उसकी लय पर चलते रंगीन फव्वारों का अदभुत दृश्य प्रस्तुत करते हैं। पूरे रिवर फ्रंट पर कई स्थानों पर राजस्थानी लोक नृत्यों का प्रदर्शन निरंतर चलता रहता है। ये प्रस्तुतियां वीणा म्यूज़िक द्वारा दी जाती हैं जो राजस्थानी लोक संगीत को जन जन तक पहुंचाने का कार्य वर्षों से कर रही है।मधुर राजस्थानी लोक संगीत तो आपको हर घाट पर सुनाई ही देता है। रिवर फ्रंट की पांच किलोमीटर की दूरी को आप पैदल पूरी कर सकते हैं और यदि समय कम हो या चलने में असुविधा हो, तो गोल्फ कार्ट प्रति व्यक्ति सौ रुपए में किराए पर उपलब्ध हैं। इनमें आप कहीं से भी बैठ सकते हैं और उतर सकते हैं। कुल मिलाकर पर्यटकों को एक अलग ही प्रकार का भव्य और अद्भुत अनुभव प्रदान करने की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। अनेक प्रकार के स्वादिष्ट भोजन प्राप्त करने की भी पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर ये सब भी प्रारंभ हो जाएंगी। इसके बाद ईस्ट रिवर फ्रंट से बाहर निकलने का रास्ता है।

**राजेंद्र भाणावत, पूर्व आईएएस**
**पूर्व निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान**

**शेष अगले अंक में .....**

# होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न, गैर नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही

- **आयोजन का मुख्य आकर्षण भील प्रदेश की सांस्कृतिक झलक, भील प्रदेश रूपाली, भील प्रदेश रूपाला, महिला मटका दौड़, लेजम नृत्य, गैर नृत्य आदि प्रस्तुतियां रही**
- **गैरिये पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे दिखे और उन्होंने अपने पुरखों की परंपरा व संस्कृति को सजीव बनाए रखने का संकल्प लिया**

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर विधानसभा क्षेत्र के पिपलाहेण मताई मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत पारड़ा थूर (पालथूर) में दूसरा फसलोत्सव 2025, होली स्नेह मिलन, गैर नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण भील प्रदेश की सांस्कृतिक झलक, भील प्रदेश रूपाली, भील प्रदेश रूपाला, महिला मटका दौड़, लेजम नृत्य, गैर नृत्य और आदिवासी संस्कृति पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां रही। गैरिये पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे दिखे और उन्होंने अपने पुरखों की परंपरा व संस्कृति को सजीव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आसपुर विधायक उमेश मीणा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों का उत्साहवर्धन किया। महिला और पुरुष वर्ग की विजेता टीमों को विधायक उमेश मीणा ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।



ग्राम पंचायत पारडा थूर ( पालथूर ) में होली स्नेह मिलन समारोह पर लोगों ने नृत्य किया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं और बच्चों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। पारंपरिक परिधान में गैर खेलते समाज के लोगों का जोश और उत्साह देखने लायक था। इसके साथ ही समाज के प्रतिभाशाली महिलाओं और पुरुषों को मंच पर सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। यह आयोजन अपनी भव्यता, सांस्कृतिक समरसता और समाज के उत्साह के कारण क्षेत्र में लंबे समय तक यादगार बना रहेगा।

# पोकरण में ऐतिहासिक विरासत पर्यटकों को आकर्षित कर रही है

## पोकरण शहर अब पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है


- **सरकार द्वारा यहां नए पर्यटन प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं**

**पोकरण,** (निसं)। राजस्थान का ऐतिहासिक शहर पोकरण अब पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। जहां एक ओर यह अपनी राजस्थानी संस्कृति, परंपराओं और शक्ति व भक्ति स्थलों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं दूसरी ओर परमाणु शक्ति की ऐतिहासिक उपलब्धि ने इसे विश्व वमानचित्र पर अलग पहचान दिलाई है।

पोकरण भगवान परशुराम, साधुजी, बालिनाथ महाराज एवं डुगरपुरी महाराज की तपोस्थली रही है। यह ऐसे महात्माओं की भूमि है, जिन्होंने अलौकिक शक्तियों से समाज सेवा की और अपने तपोबल से विज्ञान से परे सिद्धियां प्राप्त की। विक्रम संवत् 1062 के शिलालेख के अनुसार भगवान परशुराम ने यहां कठोर तपस्या की थी। पोकरण गढ़, जिसे विक्रा संवत् 1532 में मालम देव ने स्थापित किया था, अपने लाल पत्थरों के किले, नक्काशीदार हवेलियों और ऐतिहासिक छतरियों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा नापासर कुंड, कैलाश टेकरी मंदिर, सरोवर मंदिर, भैरव राक्षस गुफा, इस्लामिया मदरसा जैसे धार्मिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। वहीं लोकदेवता बाबा रामदेवजी की समाधि रुणिचा धाम में स्थित है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से दर्शन करने आते हैं। यहां स्थित रामसरोवर में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। वहीं पोकरण को 1974 और 1998 में हुए परमाणु परीक्षणों के कारण अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। यह स्थान अब परमाणु पर्यटन के रूप में विकसित हो रहा है। सरकार द्वारा यहां नए पर्यटन प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

पोकरण में कई हजारों बीघा से अधिक भूमि पर सौर एवं पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित हैं, जिससे बिजली उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है। वहीं पर्यटन के विकास से रेगिस्तानी सफारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लोकप्रियता बढ़ रही है, जिससे पर्यटन व्यवसाय को लाभ हो रहा है। साथ ही, हस्तशिल्प, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक मिठाइयां (जैसे चमचम) और खिलोनों के उद्योग को भी बढ़ावा मिल रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेश व्यास ने केंद्र एवं राज्य सरकार से परमाणु नगरी को विशेष वित्तीय पैकेज देने और इसे पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की मांग की है। इससे पर्यटकों की आवक बढ़ेगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। पोकरण की मिट्टी में कुछ तो खास है, जो इसे शक्ति, भक्ति और विज्ञान के संगम के रूप में पहचान दिला रही है।

## राशिफल गुरूवार 20 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 11:32 तक, वज्र योग सायं 6:14 तक, गर करण दिन 1:41 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 11:32 तक है। रवियोग रात्रि 11:32 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 2:41 से आरम्भ होगी। सायन मेष में सूर्य प्रवेश दिन 2:32 पर होगा। आज रांधा पुआ है, आज बसन्त समाप्त, महाविषुभ दिन, श्री एकनाथ षष्ठि है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:45 तक, चर 11:05 से 12:34 तक, लाभ-अमृत 12:34 से 3:34 तक, शुभ 5:04 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:35, सूर्यास्त 6:34

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा।

**सिंह**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु**
घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अतिथियों के आगमन से आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने कहा ही कांग्रेस में नहीं रहा अनुशासन

## कांग्रेस पर, कांग्रेस के ही लोग निकाल रहे है अपनी भड़ास

**झुंझुनूं,** । कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी करने वालों पर कार्रवाई की बात कहने के बावजूद कांग्रेसके नेता लगातार पार्टी के खिलाफ आग उगलने से नहीं रूक रहे है। खबर झुंझुनूं से है। जहां पर बुधवार को गिडानिया और झुंझुनूं ब्लॉक की बैठक में संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष खलील बुडाना ने खुलकर कहा कि कांग्रेस में अनुशासन खत्म हो चुका है। दरअसल पीसीसी द्वारा सभी विधानसभा में प्रभारी लगाए गए है।

जो संगठन मजबूती और संगठन विस्तार के लिए कार्य करेंगे। इसी सिलसिले में झुंझुनूं विधानसभा के प्रभारी और पीसीसी सचिव इस्लाम खान व कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा झुंझुनूं शहर के मान नगर स्थित कांठोस कार्यालय में गिडानिया और झुंझुनूं ब्लॉक की बैठक लेने के लिए पहुंचे थे।



झुंझुनूं में गिडानिया और झुंझुनूं ब्लॉक की बैठक आयोजित हुई ।

इस बैठक में जब कार्यकारी जिलाध्यक्ष खलील बुडाना के संबोधन का मौका आया। तो उन्होंने उप चुनावों में हुई हार को लेकर जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी कहते है कि कांग्रेस में स्लीपर सैल काम करती है। झुंझुनूं कांग्रेस में भी ऐसी स्लीपर सेल है। जिसने उप चुनाव में गांव-गांव, गली-गली जाकर खुलकर पार्टी के खिलाफ कार्य किया। उन्होंने कहा कि कोई सोच भी नहीं सकता था कि ओला परिवार के होते हुए कांठोस झुंझुनूं विधानसभा में चुनाव हार जाए। लेकिन बडे बड़े पदों पर बैठे लोगों ने कांठोस के साथ कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि रंधावा ने कहा था कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी। लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। इससे यही लग रहा है कि कांग्रेस का अनुशासन खत्म हो गया है। बुडाना ने उप चुनावों में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। बैठक के बाद विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान ने कहा कि उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई करने नहीं। बल्कि संगठन को मजबूत और विस्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## अभद्र व्यवहार पर कार्रवाई

**बीदासर** । ब्राह्मण संघ बीदासर के अध्यक्ष अरुण तिवारी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय में बुधवार को एसडीएम अमीलाल यादव को ज्ञापन देकर पुलिस थाना बीदासर के थानाधिकारी के खिलाफ समाज के ही एक युवक से अभद्र व्यवहार व पद के विपरीत आचरण को लेकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि युवा अनिल शर्मा यूट्ययूब व इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया पर सक्रीय है, स्थानीय थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव इनको केवल अपने पक्ष मे ही विडिओ प्रसारित करने हेतु बार-बार दबाव बनाता रहता है, यदि इनके विपरीत कोई विडिओ प्रसारित करता है तो देख लेने व बर्बाद करने की धमकियां देते रहते है जो एक तानाशाही को बढावा देने वाली प्रवृत्ति है। ज्ञापन देने वालों में फुसराज गौड, बिहारीलाल, रामप्रसाद शर्मा, बालकिशन, नेमीचंद, सहित अनेक लोग मौजूद थे। वहीं थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव का कहना है कि रात्रि में एक मंदबुद्धि महीला को ड्यूटी ऑफिसर द्वारा भवानी होटल के सामने से लाते समय उक्त युवक अनिल बार-बार पुलिस की गाडी और जाब्ते का विडिओ बना रहा था, जो मना करने पर भी नहीं मान रहा था ।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**झुंझुनूं** । राजस्थान में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिणक प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर एससी समाज को तत्काल प्रभाव से आरक्षण उप वर्गीकरण का फायदा समाज को मिलना चाहिए। ये विचार सर्किट हाउस झुंझुनूं में मुख्य अतिथि वंचित वर्ग आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार ने कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज और अपने बच्चों के लिए हमें एकजुट होकर यह मांग करनी है। यह रथ यात्रा पूरे राजस्थान में पहुंच रही है। जो लगातार समाज को आरक्षण के लिए जागरूक कर रही है। समिति के झुंझुनूं जिला संयोजक शिक्षाविद बृजेश किराड, राष्ट्रीय वाल्मिकी क्रांतिकारी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र हठवाल, कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सारवान, सुलताना नगरपालिका अध्यक्ष घीसाराम चांवरिया, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका बगड़ रामलाल चंदेलिया, उम्मेद ठेकेदार, विनोद चांवरिया सहित अनेक लोगों ने विचार रखे। संचालन लक्ष्मीकांत डूलगच ने किया। कार्यक्रम पश्चात एडीएम अजय कुमार आर्य को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जातियों भील, गरासिया, सहरिया उप वर्गीकरण के न्यायालय के निर्णय अनुसार नॉन क्रिमीलेयर जातियों का वर्गीकरण कर उन्हें तत्काल आरक्षण का लाभ दिलवाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में लिखा गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ द्वारा 6-1 से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया जन के उपवर्गीकरण का फैसला दिया गया है। जिसे राजस्थान में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिणक, प्रशासनिक हर दृष्टिकोण से कमजोर वाल्मिकी, मेहतर, सांसी, कंजर, नट, ढोली, बाजीगर, सपेरा, मदारी, कालबेलियां, बावरी भांड, धानक, कामड व अन्य (जिसे राज्य सरकार के सर्वे के बाद इसके लिए उपयुक्त समझे) जो कि वर्तमान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति भील गरासिया सहरिया वर्ग में सामाजिक रूप से अत्यधिक पिछड़ी हुई जाति है। इनके साथ अधिकतर छुआछूत, जातिगत, उत्पीडन आर्थिक विषमता, शैक्षिणक आधार पर अत्यधिक पिछडी हुई है। जिन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाए।

### जीएसटी एमनेस्टी स्कीम ने दी व्यापारियों को राहत

**झुंझुनूं** । झुंझुनूं में इनदिनों व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी गई राहत का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। दरअसल जीएसटी के बकाया टैक्स को वसूलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाई गई एमनेस्टी स्कीम का फायदा मिल रहा है। हर दिन बकाया टैक्स जमा हो रहा है। जिससे ना केवल केंद्र, बल्कि राज्य सरकार का खजाना भी भर रहा है। वहीं बकाया प्रकरणों का निस्तारण तेजी के साथ हो रहा है। स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान ने बताया कि 16 अगस्त 2024 से केंद्र सरकार एमनेस्टी स्कीम लेकर आई थी।

## रोजड़ा गांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

**खेतड़ी** । खेतड़ी उपखंड के रोजड़ा गांव के ग्रामीणों ने रोजड़ा गांव को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। इस दौरान ठाामीणों ने उपखंड अधिकारी सुनील कुमार चौधरी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर रोजड़ा गाँव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि रोजड़ा गांव वर्तमान में मांदरी ग्राम पंचायत में पडता है, लेकिन सरकार द्वारा नई ग्राम पंचायतों के गठन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें रोजड़ा और जुझारपुर को मिलाकर एक नई ग्राम पंचायत बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ररोजड़ा को ही ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाए, क्योंकि रोजड़ा गांव की आबादी और क्षेत्रफल जुझारपुर से बड़ा है और ठाम पंचायत के सभी मापदंड पूरे करता है। इसके अलावा, ठाामीणों ने यह भी कहा है कि यदि रोजड़ा को ग्राम पंचायत नहीं बनाया जाता है, तो उन्हें मांदरी ठााम पंचायत में ही यथावत रखा जाए। मांदरी की दूरी रोजड़ा से कम है जबकि जुझारपुर की दूरी अधिक है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर कैप्टन भजनलाल, हवलदार ओमप्रकाश, हनुमान भक्त शिवराम, लीलाराम, सुरेश कुमार, लीलाराम पटेल, मामन राय, बागेश्वर, ओम प्रकाश शर्मा, कैलाश जांगिड़, सागरमल, रामावतार, ख्याली राम, विक्रम सिंह, रामनिवास, कृष्ण कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## आधार से जोड़ेंगे वोटर कार्ड

**सीकर** । सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किए बिना आधार कार्ड को वोटर आइडी को कैसे जोड़ा जा सकता है, इस पर चुनाव आयोग ने यूआइडीएआइ के सीईओ, केंद्रीय गृह सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में तय किया गया कि देशभर में वोटर कार्ड के एपिक नंबर को आधार से जोड़ने के लिए जल्द विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी।

चुनाव आयोग ने बताया कि तकनीकी सलाह के बाद ही पता लग सकेगा कि वोटर कार्ड नंबर को आधार के साथ कैसे कनेक्ट किया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ निर्वाचन सदन में यह अहम बैठक हुई।

## नीमकाथाना जिला हटाने के विरोध में बिहारीपुर में धरना जारीं

**पाटन** । जिला हटाने के विरोध में ग्राम पंचायत बिहारीपुर में धरना जारी रहा। क्षेत्र के लोगों ने क्रमिक भूख हडताल करते हुए सरकार के फैसले का विरोध किया। इस धरने में अशोक कुमार मीणा, नरेश कुमार, नत्थूराम टेलर, राजेन्द्र मीणा, बृजमोहन मीणा, भोगाराम धानका, मातादीन मीणा, लीलाराम यादव, दीपक, राजेश मीणा सहित कई लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक सुरेश मोदी भी धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को माला पहनाकर उनका हौसला बढाया। उन्होंने कहा कि नीमकाथाना को जिला बनाए रखना जरूरी है और इस फैसले को पलटने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

धरने को अजीत कुमार स्वामी, रवि कुमार मीणा, कन्हैयालाल स्वामी, श्रीराम, फूलचंद यादव, महावीर गुर्जर, नितिन कुमार सैन, नागरमल जांगिड़, कैलाश यादव, भैरू सिंह तंवर, रामधन, अभय जिलोवा समेत कई लोगों ने समर्थन दिया।जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य कृष्ण यादव, प्रवीण जाखड़, राजपाल डोई, बसंत यादव और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर भी धरना स्थल पर मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नीमकाथाना को जिला बनाए जाने से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की गति बढ़ी थी, सरकारी सेवाएं आसानी से मिल रही थीं और विकास कार्य तेज़ी से हो रहे थे। अब इसे हटाने से आम नागरिकों को असुविधा होगी और क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। नरेश कुमार ने कहा कि यह आंदोलन हर पंचायत मुख्यालय पर जारी रहेगा, जब तक सरकार अपना निर्णय वापस नहीं लेती। वहीं, बृजमोहन मीणा ने कहा कि जनता की एकजुटता लगातार बढ़ रही है और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों का समर्थन मिलने से आंदोलन और मजबूत हो रहा है। धरने में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।

## 200 ग्राम पंचायत हुई टीबी मुक्त

**सीकर,**। जिले में चल रहे टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से चलाए जा रहे जन जागरूकता गतिविधियों व सर्वे और टीबी रोगियों को दिए जा रहे गुणवत्तापूर्ण उपचार की बदौलत जिले की 200 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। यह जानकारी बुधवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त ठााम पंचायत अभियान के तहत जिले में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। अभियान के तहत टीबी के बारे में समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही टीबी रोगी को समुदाय स्तर से सहायता उपलब्ध करवाना, सक्रिय टीबी रोगियों का पता लगाकर उपचार करना तथा वर्तमान टीबी रोगियों का पब्लिक हैल्थ एक्शन प्लान के तहत उपचार सुनिष्चित किया जा रहा है ।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सख्या 242 to 243-24-25 मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 07.04.2025 को 15.00 बजे तक** खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा सख्या: 242 कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन हनुमानगढ़-गोगामेड़ी खण्ड पर बैलास्ट रिटेनिंग वॉल का प्रावधान करना तथा सरूपसर-श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ (केनाल लूप लाईन) खण्ड पर बैलास्ट रिटेनिंग वॉल व सेण्ड रिटेनिंग वॉल का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य.:** Rs. 47783020.78 **धरोहर राशि:** Rs. 388900.00 **निविदा सख्या: 243 कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन सरूपसर-श्रीगंगानगर व श्रीगंगानगर-गोगामेड़ी खण्ड पर 74 नम्बर आरयूबीज पर बरसात के पानी को रोकने के लिए हम्प व रोड़ सरफेश के प्रावधान के साथ रिटेनिंग वॉल का विस्तार करना व उँचा करना तथा तथा सरूपसर-श्रीगंगानगर खण्ड के आरयूबी नं. 68ए, 71ए, 75ए, 76ए, 77ए, 78ए व 78एए की वॉटर प्रुफिंग ट्रीटमेन्ट करना। **अनुमानित लागत मूल्य.:** Rs. 193127293.79 **धरोहर राशि:** Rs. 1115600.00 **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 328-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# उपभोक्ताओं का नहीं लगेगा आवेदन शुल्क और मीटर चार्ज

**सीकर** । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार ऊर्जा को बढ्ढावा देने में जुटी सरकार ने सौर ऊर्जा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। पीएम सूर्यघर बिजली योजना के तहत सोलर पैनल के लिए आवेदन करने पर अब न तो आवेदन शुल्क देना होगा और न अमानत राशि और मीटर चार्ज देने की जरुरत पड़ेगी।

राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (आरइआरसी) ने इसका आदेश जारी किया है। आदेश से हजारों उपभोक्ता को फायदा मिलेगा। आरइआरसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार पीएम सूर्य घर बिजली योजना में घरों की छतों पर सौर विद्युत संयंत्र का लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रक्रिया को सरल किया है। अब तक तीन तरह की राशि का भार उपभोक्ताओं पर डाला गया था। कनेक्शन होने के बाद बिजली बिल में राशि जुड़कर आती थी।

**बैंक भी दे रहे ऋण:** घरों पर सौर उर्जा संयंत्र लगाने में अठाणी बैंक सात प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दे रहे हैं। तीन किलो वाट तक की क्षमता के लिए 78 हजार सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना की लागत 3 से 4 साल में रिकवर होने के बाद उपभोक्ता को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध होगी। रूफटॉप सोलर योजना से ठाीन एनर्जी को बढ्ढावा मिलेगा और शेष बचे उत्पादन का घरेलू कनेक्शन धारकों को फायदा मिलेगा।

**इतनी बिजली बनाता है सोलर:** सोलर रूफ टॉप प्रतिदिन लगभग 4 यूनिट बनाता है यानी महीने में 120 यूनिट, साल में 1440 यूनिट उपयोग के बाद बची हुई बिजली निगम के पास चली जाती है। जिसका 2.17 रुपए प्रति यूनिट के अनुसार उपभोक्ता को भुगतान होता है। सोलर लगाने के बाद बिजली के बिलों में कमी होने से न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ मिलेगा बल्कि उन्हें प्रदूषण मुक्त बिजली भी मिलेगी। वहीं सोर ऊर्जा उत्पादन कर राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान भी मिलेगा।

**उपभोक्ताओं को राहत:** सूत्रों ने बताया कि आवेदक को दी गई राहत से अब ऐसे उपभोक्ताओं व वेंडर्स का काफी समय बचेगा। लेकिन, इन सब राहतों को उपभोक्ताओं व वेंडर्स को वास्तविक रूप से पहुंचाने के लिए निगम के अधिकारियों को ट्रेकिंग कर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा लक्ष्य प्राप्ति के लिए मीटर्स निगम की ओर से व 100-200 यूनिट प्रति माह तक की खपत वाले उपभोक्ताओं को सरकार की ओर से 30 से 60 हजार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी और देनी चाहिए। आवेदन करने पर उपभोक्ताओं को आवेदन के साथ ही अमानत राशि व मीटर चार्ज देने की जरूरत नहीं होगी।

## फ्रांस से आई पर्यटक ने गाए रातभर भजन

**मंडावा,** ।भारतीय सनातन संस्कृति और देवी देवताओं में आस्था ना केवल देश, बल्कि देश के बाहर भी देखने को मिल रही है। खबर झुंझुनूं के मंडावा से है। जहां पर एक फ्रांसीसी पर्यटक की धार्मिक आस्था देखकर हर कोई हैरान रह गया। यह आस्था सिर्फ पूजा पाठ तक सीमित नहीं है। बल्कि यह फ्रांसीसी पर्यटक भजनों की भी शानदार प्रस्तुतियां देती है।

इसके लिए अपने साथ हारमोनियम और मंजीरे जैसे वाद्य यंत्र अपने साथ ही रखती है। मंडावा के हेरिटेज मंडावा होटल के संचालक मधुसुदन खेमानी ने बताया कि उनके यहां पर फ्रांस की 29 वर्षीया मारी और उसकी साथी 62 वर्षीय वैरेली होटल में ठहरी थी। पर्यटकों के लिए रोज रात को संगीत का कार्यक्रम होता है। पहले दिन जब राजस्थानी गीत-संगीत का कार्यक्रम हुआ तो मारी ने भी बताया कि वह भजन गाती है। जिस पर दूसरे दिन मारी के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

## प्रदेश में 51 लाख 10 हजार कृषकों ने बनवाई फार्मर आईडी

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें डिजिटल रूप में सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। एठाीस्टेक योजना में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन 31 मार्च तक किया जा रहा है। इस योजना में राज्य के सभी जिलों में शिविर आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनायी जा रही है। राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को पंत कृषि भवन में वीसी के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों के साथ कृषि रजिस्ट्री शिविरों की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि एठाीस्टेक योजनान्तर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन ठााम स्तर पर 31 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक कृषक का रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये। एठाीस्टेक शिविरों के तहत ठााम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करवाकर किसानों की विशिष्ट आईडी बनायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक 9 हजार 805 शिविरों का आयोजन कर 51 लाख 10 हजार 310 कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगल पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ठाामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जा रही है। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच, प्रधानमंत्री किसान/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी उपयोगी सिद्ध होगी।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/3150 दिनांक :- 18.03.2025

**-: आपत्ति सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री दलीप सिंह पुत्र श्री पूर्ण सिंह जाति जाट निवासी 16 एजी भोमपुरा तहसील व जिला हनुमानगढ़ ने आवेदन कर अपने क्रयशुदा व्यवसायिक भूखंड सेक्टर बस स्टैंड भूखंड संख्या 140 व 141 साईज 15 गुणा 20 (प्रत्येक) की लीजडीड पंजीयन करवाना चाहता है। उक्त भूखंड प्रार्थी को श्रीमान अतिरिक्त कलक्टर एवं सचिव, मण्डी समिति हनुमानगढ़ द्वारा सरेआम निलामी दिनांक 22.06.1987 द्वारा क्रयशुदा है। अतः अपने व्यवसायिक भूखंड की लीज पंजीयन प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर**

**कार्यालय नगर पालिका लक्ष्मणगढ (सीकर)**

प्रारूप -6 (नियम (2) देखिए)

क्रमांक-नपाल/2024-25/5728 **लोक सूचना** दिनांक-18/03/2025

नगरपालिका लक्ष्मणगढ (सीकर) में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-ए के अन्तर्गत पट्टा प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में वर्णित आवेदन प्राप्त हुए है-

| क्र. सं. | पत्रावली क्रमांक | आवेदक का नाम/वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1450 | श्री अमित कुमार पुत्र श्री गिरधारी लाल कुमावत निवासी वार्ड न. 06 लक्ष्मणगढ सीकर | 300 वर्गगज | आवासीय |
| 2 | 1452 | श्री संजय तुनवाल पुत्र श्री गिरधारी लाल वार्ड न. 06 लक्ष्मणगढ सीकर | 300 वर्गगज | आवासीय |

अतः उक्त आवेदनों के संबंध में लोकसूचना जारी कर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी व्यक्ति या हितधारक को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर कार्यालय नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ (सीकर) में विस्तृत विवरण एवं सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति में कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदानुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 18/03/2025 को जारी की गई।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लक्ष्मणगढ**


## 'एससी, एसटी, ओबीसी के लोग सोते रहे तो बनेगा नया संविधान'

**झुंझुनूं,** । लोकसभा चुनावों में देश का संविधान खतरे में है, का मुद्दा जमकर छाया हुआ था। लेकिन चुनावों के बाद भी यह जिन्न एक बार फिर निकल आया है। जी, हां एससी, एसटी, ओबीसी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि देश में संविधान खतरे में है। दरअसल 18 अप्रेल को संगठन की ओर से जयपुर में सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा लगातार प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे है।


इसी क्रम में वे झुंझुनूं पहुंचे। जहां पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा की अगुवाई में रामस्वरूप मीणा का स्वागत किया गया। इस मौके पर रामस्वरूप मीणा ने कहा कि धीरे-धीरे देश के संविधान को खत्म किया जा रहा है।

नया संविधान बनाने की तैयारी की जा रही है। यदि एससी, एसटी, ओबीसी के लोग सोते रहे तो देश में नया संविधान बन जाएगा। यदि नया संविधान आता है तो 50 साल पहले जो एससी, एसटी, ओबीसी के लोगों की हालत थी। वैसी की वैसी वापिस हो जाएगी। उन्होंने सरकारी महकमों में संविदा पर कर्मचारी रखने को भी नासूर बताया।

# खेतड़ी में मां काली का भव्य जागरण

## झांकियों ने मोहा दर्शकों का मन

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी में किन्नर समाज के द्वारा बीती रात कस्बे के मुख्य बाजार पासवान जी मंदिर के पास मां काली का भव्य जागरण करवाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला जिला महामंत्री पूनम धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष सीताराम वर्मा थे, जबकि अध्यक्षता खेतड़ी किन्नर समाज अध्यक्ष सनम बाई गुरु राजू हाजी चेला उदयपुरवाटी ने की। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां काली के दरबार में हाजिरी लगाकर महा आरती में भाग लिया व दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान दिल्ली से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। कलाकारों ने मां काली, शिव पार्वती, लड्डू गोपाल, राधा कृष्ण की भव्य की न्रत्य नाटिका प्रस्तुत की। इस मौके पर पूनम धर्मपाल गुर्जर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम के उपासक अर्धनारीश्वर किन्नर समाज अपने यजमानों और आमजन की भलाई के लिए निरंतर समाज कल्याण के कार्य करते आ रहे हैं। खेतडी की सनम बाई चेला राजू हाजी समाज कल्याण के साथ-साथ पर्यावरण प्रेमी व भामाशाह की भूमिका निभा रही है। चाहे बेटी का मायरा भरना हो या कोरोना



खेतड़ी में किन्नर समाज ने बीती रात कस्बे के मुख्य बाजार पासवान जी मंदिर के पास मां काली का भव्य जागरण करवाया ।

कल में मदद के लिए आगे हाथ बढ़ाना हो और हाल ही में इन्होंने एक नन्ही गुडिया को गोद लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का भी नारा दिया है। कार्यक्रम के दौरान सनम बाई किन्नर भाव विभोर हो गई और उन्होंने कहा कि मैं अपने यजमानों की सुख शांति के लिए यह मां काली का जागरण करवा रही हूं। मेरे सभी यजमान फले-फुले और उनके घर में सुख शांति बनी रहे, अन धन का भंडार भरा रहे। इस मौके पर सुरेश कनोडिया, सिकंदर कुमार, प्रभु राजोता, बबलू अवाना, शाकंभरी माता गोकरण दास एडवोकेट भूपेंद्र सोनी, रेखा बाई किन्नर, राजकुमारी बाई किन्नर, पायल बाई किन्नर, रेशमा बाई किन्नर, ज्योतिबाई किन्नर, गुड्डो बाई किन्नर, बेबी बाई किन्नर, पिंकी बाई किन्नर,उदयपुरवाटी पार्षद राकेश जमालपुरिया, विक्रम खटीक, मोहन असवाल, करण , अनिल सैनी, इरफान, सुधीर गुप्ता, अशोक हाकम, सुरेंद्र चौधरी, मुकेश गुप्ता, प्रदीप परीवाला, विद्याधर सैनी, एडवोकेटर विजेंद्र सैनी, लीजा बाई किन्नर, काजू बाई किन्नर सहित अनेक किन्नर समाज व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस पहुंचेगी बूथ स्तर तक

**झुंझुनूं,** । कांठोस लगातार अपने संगठन को मजबूत और विस्तार कर रही है। इसी क्रम में अब युवा कांठोस भी पहली बार बूथ और पंचायत स्तर तक अपनी कमेटियां बनाने जा रही है। झुंझुनूं युवा कांठोस की बैठक लेने आए प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश प्रभारी के साथ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड भी मौजूद थे। इस मौके पर चौधरी ने पहले युवा कांठोस की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। जिसमें संगठन विस्तार पर चर्चा की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि युवा कांठोस एक महीने के अंदर अंदर पूरे प्रदेश में हर बूथ और पंचायत स्तर पर कमेटियां बनाने जा रही है। इसके लिए उन्होंने जिलाध्यक्ष व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों को सभी पदाधिकारियों, नेताओं से चर्चा कर गठन के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने बताया कि देश में बढती बेरोजगारी के खिलाफ और केंद्र सरकार को नींद से जगाने के लिए 25 मार्च को दिल्ली में प्रदर्शन होगा। जिसमें राजस्थान की भागीदारी भी हजारों की संख्या में होगी। वहीं प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में फेल साबित हो रही है। सिर्फ आंकडें जारी किए जा रहे है। जबकि नौकरी के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा।


रजिस्ट्री सं. डी.एल. 33004/99 REGD.No. D. L.-33004/99

सी-जी--डी-एल--अ--28022025-261346

CG-DL-E-28022025-261346

EXTRAORDINARY

भाग -खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)

PART II-Section 3 Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1000] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार फरवरी 27, 2025/ फाल्गुन 8, 1946

No. 1000] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 27, 2025/PHALGUNA 8, 1946

**सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

**नई दिल्ली, 27 फरवरी, 2025**

का.आ. 1008(अ)- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि राजस्थान राज्य के चूरू जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-709 ऐक्शटेंशन के कि.मी. 1 पर (आर.ओ.बी. लेवल क्रासिंग, ए-142 पर सादुलपुर रेलवे स्टेशन के पास) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/ 4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है, जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने का अपने आश्य की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उपधारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत कि जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई करने के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

राजस्थान राज्य के चूरू जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 एक्सटेषन के कि.मी. 1 पर (आर.ओ.बी. लेवल क्रासिंग, ए-142 पर सादुलपुर रेलवे स्टेषन के पास) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षित विवरण।

(फा. स. RW/NH-12012/06/2016/PS-4/RJ/3A)

जिला: चूरू

https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification agr.cshtml?project id=36167&notification id=71661&EncHid=1651789441&l=2

DIPR/C/3756/2025


# 1.22 करोड़ के 292 लैपटॉप चोरी की वारदात का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 70 लाख कीमत के चोरी के 190 लैपटॉप बरामद किये

**सांभरझील, (निसं)।** लैपटॉप चोरी के मामले का खुलासा करते हुए मोखमपुरा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 70 लाख की कीमत के चोरी के 190 लैपटॉप बरामद किये हैं।

आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि इस मामले में परिवादी मुकेश कुमार पुत्र नरपाल सिंह अहीर निवासी खटोटी कला नारलोन जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा ने रिपोर्ट दर्ज करवायी कि 1 मार्च को वाहन लैपटॉप व प्रिन्टर के बॉक्स (मुम्बई) से गुडगाँव जा रहे थे कि रास्ते मे एन 48 गिदानी थाना मौखमपुरा के पास वाहन का चालक शकील व खलासी अलमुद्दीन द्वारा कंटेनर को कैबिन में से काटकर 292 लैपटॉप की चोरी करके फरार हो गये। पुलिस थाना मौखमपुरा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी मौखमपुरा संजय प्रसाद मीणा, मुकेश कुमार उप निरीक्षक प्रभारी डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण, योगेश कुमार हैड कानि. डीएसटी जिला भिवाडी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा वारदात में प्रयुक्त वाहनों तथा गैंग के सभी सदस्यों की पहचान की तथा बुधवार को दबिश देकर वारदात में शामिल इरफान मेव को चोरी के 8 लैपटॉप मुल्जिम राहुल कुरैशी व बिलाल पठान को बेचते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से 8 लैपटॉप जप्त किये गये। अभियुक्त इरफान के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रक को भी मौके से ही जप्त किया गया।



लैपटॉप चोरी मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है

मौके पर लैपटॉप खरीदने वाले आरोपी राहुल कुरैशी व बिलाल पठान को भी गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 32 लैपटॉप व एक स्वीफ्ट कार जप्त की गई हैं। अभियुक्त राहुल कुरैशी व बिलाल पठान ने पूछताछ में बताया कि हमने शाहिल पुत्र वकील कुरैशी निवासी जयसिंहपुरा खादर थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा के जरिये अन्य 165 लैपटॉप मुम्बई (महाराष्ट्र) में किसी कोरियर कम्पनी भेज दिए हैं जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुम्बई में जाकर कोरियर कम्पनी से 150 लैपटॉप बरामद किये गये हैं। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में चुराये गये 292 लैपटॉपों में से कुल 190 लैपटॉप बरामद किये गये हैं।

बरामद लैपटॉपों की कीमत करीबन 70 लाख आंकी गई है। प्रकरण में अन्य फरार आरोपी राशिद मेव, गफरू मेव, नईम मेव, तारीफ मेव, चालक शकील, खलासी अलमुद्धीन व शाहिल कुरैशी की पुलिस टीम द्वारा तलाश जारी है। प्रकरण में आरोपियों से अनुसंधान किया जाकर शेष माल की बरामदगी शीघ्र की जायेगी। गिरफ्तार आरोपी इरफान पुत्र मूनसरीफ निवासी मोहम्मदपुर पुलिस थाना नूंह जिला नूह मेवात (हरियाणा), राहुल कुरैशी पुत्र रहीस निवासी दरेशी रोड मनोहरपुरा परचुनी गली मथुरा थाना कोतवाली मथुरा जिला मथुरा (उतरप्रदेश), बिलाल पुत्र समिउद्दीन निवासी जयसिंहपुरा मथुरा थाना गोविन्द नगर मथुरा (उतरप्रदेश) के रहने वाले हैं।

# तीन राज्यों का वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के औद्योगिक थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी नरेंद्र जेठवानी को गिरफ्तार किया। आरोपी उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में वांटेड है। औद्योगिक थाने के एएसआई सम्पतराज ने बताया कि पाली के राजेंद्र नगर विस्तार में रहने वाले नरेन्द्र जेठवानी पुत्र लालचंद लम्बे समय से फरार था। आरोपी के खिलाफा पाली, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ के कोर्ट में 5 स्थाई वारंटी व 8 गिरफ्तारी वारंट में वांटेड है।

## तस्कर को पांच साल का कारावास

**जालोर, (निसं)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर हारून ने अवैध डोडा-पोस्त की तस्करी करने के आरोपी जेठाराम को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि 7 जून 2018 को सायला पुलिस को मुखबिर की सूचना अनुसार चेचवा गांव में जेठाराम पुत्र भीखाराम जाट अपनी ढाणी पर एक बरामदे में बैठा मिला। उसके पास अवैध डोडा-पोस्त होने की सूचना पर उसके घर की तलाशी लेने पर उसके मकान के स्टोर के अंदर एक सफेद रंग का प्लास्टिक का कट्टा मिला, जिसे खोल कर जांच की गई तो उसमें करीब पांच किलो अवैध डोडा-पोस्त भरा मिला। अवैध डोडा-पोस्त के बारे में पूछताछ करने पर जेठाराम द्वारा जवाब नही देने पर अवैध डोडा-पोस्त बरामद कर आरोपी जेठाराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सैशन न्यायाधीश हारून ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।


**महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर**

क्रमांक : एफ.20 (29) दीक्षान्त / मदसविवि / 2025 / दिनांक :

**अधिसूचना - 01**

विश्वविद्यालय द्वारा 12वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 मार्च, 2025 को आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, संकाय अध्यक्षों एवं पी0एचडी0 उपाधि धारकों तथा विश्वविद्यालय परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने का कष्ट करें। दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम का विवरण व अन्य जानकारी वैबसाईट पर उपलब्ध करवाई जा रही है। कुलसचिव

**कार्यालय नगरपालिका, मारवाड जंक्शन (पाली)**

E. Mail No - eomarwarj@gmail.com Landline No:- 02935-297877

क्रमांक / नपामाजं. / स्टोर / 2024-25 / 2710 दिनांक 11.03.2025

**-: कॉरीजेण्डम निविदा सूचना :-**

नगरपालिका मारवाड़ जंक्शन द्वारा जारी स्टोर निविदा सूचना क्रमांक / 2643-2645 दिनांक 04-03-2025 को जारी की गई है। जिसमे पालिका द्वारा जारी कार्यो में निम्न यू.बी.एन में निविदा की शर्तो में संशोधन जारी किया गया है जिसे वेबसाईड www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| DLB2425SSRC19627 | DLB2425SSRC19630 | DLB2425SSRC19632 |
| DLB2425SSRC19633 | DLB2425GSRC19637 | DLB2425GSRC19639 |
| DLB2425GSRC19643 | DLB2425GSRC19645 | DLB2425GSRC19648 |
| DLB2425SSRC19649 | DLB2425GSRC19715 | |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन
राज.संवाद / सी / 24 / 13517

**कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.)**

क्रमांक :- 3789 दिनांक - 12.03.2025

**ई-निविदा सूचना वर्ष 2025-26**

नगर परिषद हिण्डौन सिटी द्वारा वर्ष 2025-26 के तहत स्टोर शाखा / संस्थापन शाखा से सामाग्री आपूर्ति एवं अन्य कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसमें पंजीकृत संवेदको / एन.जी.ओ. / प्लेसमेन्ट एजेन्सियों / उत्पादको / संभरण कर्ताओ एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in तथा eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु बेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।

NIB CODE : DLB2425A6531

सभापति नगर परिषद हिण्डौन — आयुक्त नगर परिषद हिण्डौन
राज.संवाद / सी / 24 / 13443


# सादुलपुर के युवक ने हिसार में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की

- मृतक युवक की पेंट की जेब से एक सुसाइड नोट पुलिस ने बरामद किया
- युवक ने अपनी प्रेमिका और उसके परिवार द्वारा पैसे ऐंठने और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया

**सादुलपुर, (निसं)।** हिसार के एक होटल में स्थानीय निवासी एक 27 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक की पेंट की जेब से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है।

प्राप्त पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 32 निवासी मृतक के पिता के बयान अनुसार उसका बड़ा पुत्र उम्र 27 साल है जो वर्ष 2022 में दुबई गया था, आज राजगढ़ पुलिस द्वारा सूचना मिली कि आपका पुत्र अशोक का शव होटल हिसार में है, कोई अनहोनी की आशंका है। सूचना पर परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो हिसार पुलिस मौके पर मिली तथा पुलिस ने मेरी ओर मेरे परिजनों की मौजूदगी में अशोक होटल में बना कमरा नंबर 601 का गेट खोला और देखा कि उसका पुत्र कमरे के अंदर बने बाथरूम में गेट में चादर, तौलिया डालकर अपने गले में फांसी का फंदा लगा रखा था, जिसको मेरे परिजनों की मौजूदगी में पहनी हुई पेंट की जेब से तलाशी ली तो दो पेज का सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट को पढ़ा तो सुसाइड नोट में उसके पुत्र ने सादुलपुर निवासी एक युवक तथा उसकी बहिन तथा एक अन्य युवती का नाम लिखकर बताया कि तीनों ने मिलकर उसके पुत्र को मानसिक तौर पर परेशान करके ओर पैसा ऐंठने और डरा धमकाकर ब्लैकमेल करके आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया है। मृतक युवक 6 मार्च से होटल में रह रहा था। युवक के पास से मिला सुसाइड नोट यह दर्शाता है कि आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग और ब्लैकमेलिंग था। युवक ने अपनी प्रेमिका और उसके परिवार द्वारा पैसे ऐंठने और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। हिसार पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध अफीम की खेती करते एक गिरफ्तार

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर पुलिस ने बुधवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है।

- 15 किलो 800 ग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद किए
- आरोपी ने गेहूं की फसल के बीच अफीम के पौधे उगा रखे थे



पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो 800 ग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद किए गए हैं।

थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थानागाजी के ऊँचा ढाणा निवासी रोहित (34) पुत्र मामराज माली अपने रिश्तेदार के गांव भोजपुरी में बंटाई पर ली गई जमीन में अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से अफीम के पौधे जब्त किए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने गेहूं की फसल के बीच एक क्यारी में अफीम के पौधे उगाए हुए थे, जो लगभग चार महीने पुराने थे और उन पर डोडे भी आ गए थे। पुलिस ने आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया है और उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है कि कहीं यह कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं भी इस तरह की अवैध खेती या नशे से जुड़ी गतिविधियां हो रही हों, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।


राजस्थान सरकार

**राजस्थान धरोहर प्राधिकरण**

भू-तल, पर्यटन भवन, संग्राम मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने), खासा कोठी, जयपुर-302001 ,Telephone : 0141-2615640, 2615648, Email : rhppa.jaipur@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2024-25**

निम्नलिखित कार्यो के लिए अनुभवी कंसलटेंट फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

RFP Code : HPP2425RFP0001

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender for Consultancy Services for-Preparation of Detailed Project Report for Development of Tourist Facilities and Parikrama Marg for Brij Chourasi Kos in the state of Rajasthan. | 65.00 Lakh | 3 Months |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/24/13451 मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

पता :- सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा ग्राउण्ड, कोटा
ई-मेल :- nnksouth@gmail.com website. Kotamc.org

क्रमांक :- ननिकोद / गौशाला / 2025 / 18852-63 दिनांक :- 17.03.2025

**संशोधित ई-बिड सूचना**

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-बिड सूचना क्रमांक ननिकोद / गौशाला / 2025 / 18299-310 दिनांक 03 / 03 / 2025 के लिये दिनांक 17 / 03 / 2025 को सोयाबीन का भूसा आपूर्ति कार्य की ई-निविदा में तकनीकी बिड में संशोधन किया जाता है। इसकी सूचना निगम www.kotamc.org /www.sppp.rajasthan.gov.in /eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. स. | विवरण | पूर्व दिनांक एवं समय | संशोधित दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | बिड डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) | दिनांक 04..03.2025 से 17.03.2025 तक | दिनांक 04.03.2025 से 22.03.2025 तक |
| 2. | बिड अपलोड करने की अंतिम तिथि (वेबसाईट से) | दिनांक 17.03.2025 सायं 6:00 बजे तक | दिनांक 22.03.2025 सायं 6:00 बजे तक |
| 3. | अमानत राशि / बिड शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क Demand Draft जमा करने की अंतिम तिथि(कार्यालय मे) | दिनांक 18.03.2025 साय: 6:00 बजे तक | दिनांक 24.03.2025 सायं 4:00 बजे तक |
| 4. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | दिनांक 19.03.2025 प्रात: 11:00 बजे | दिनांक 25.03.2025 प्रात: 11:00 बजे |

नोट:- शेष शर्ते यथावत् रहेगी। उपायुक्त
राज.संवाद / सी / 24 / 13498 नगर निगम कोटा, दक्षिण


## अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** मंडाना पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 22.2 ग्राम स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ व तस्करों की धरपकड़ को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना थाने के उपनिरिक्षक अजय कुमार शर्मा मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे, गश्त के दौरान पुलिस टीम झालावाड़ की तरफ वाले मंडाना बायपास कट के पास करीब पहुंची तो सामने रोड़ पर एक व्यक्ति खड़ा था जो पुलिस जीप को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस जवानों ने घेरकर डिटेन किया और संदेह होने पर मौके पर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 22.2 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए करबला लाड़पुरा निवासी शराफत कुरैशी (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

# सोती हुई महिला की चाकू से वार कर हत्या

**कोटा, (निसं)।** भीमगंजमंडी थाना इलाके में मंगलवार देर रात्रि को घर के बरामदे में सो रही महिला पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी, वहीं पास सो रहे भांजे पर भी हमलवार ने हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक जने को डिटेन किया है। वारदात के पीछे पारिवारीक रंजिश की बात सामने आ रही है।

हमले के बाद महिला की चीख सुनकर घर के अंदर सो रहे परिवार के अन्य लोग बाहर आये जब तक हमलावर मौके से फरार हो गया। दोनों को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं हमले में घायल किशोर का उपचार अस्पताल में जारी है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि मंगलवार रात्रि को ढाई बजे के करीब की घटना है। इलाके के हुसैनी नगर निवासी सुमित्रा बाई (42) अपने घर के बरामदे में सो रही थी। पास ही बहन का बेटा अरविंद (17) सो रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों के अनुसार सामने आया कि एक बदमाश घर में घुसा और धारदार हथियार चाकू से सुमित्रा बाई पर हमला कर दिया और जब पास सो रहे भांजे अरविंद की आंख खुली तो हमलावर उस पर भी चाकू से वार कर मौके से फरार हो गया। मामले में सामने आया कि घटना के समय सुमित्रा के बेटा और बहु अंदर सो रहे थे जो महिला की चीखने की आवाज सुनकर बाहर आये। थानाधिकारी ने बताया कि हमले में महिला सुमित्रा बाई की मौत हो गई एवं भांजा अरविन्द घायल है। थानाधिकारी ने बताया कि मौके पर एफएसएल, एमओबी टीम को बुलाया गया और घटनास्थल का बारिकी से निरिक्षण कराया गया है आसपास के सीसीटीवी फुटैज भी खंगाले जा रहे है।

थानाधिकारी ने बताया कि हमले मे घायल अरविंद ने बताया कि पडौस मे रहने वाला शिब्बु ने चाकू से हमला किया है परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में पड़ौसी शिब्बु उर्फ आमिन को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया से पारिवारिक रंजिश की बात सामने आ रही है डिटेन किये गये आमिन से अनुसंधान किया जा रहा है। अनुसंधान पूरा होने के बाद ही मामले मे और खुलासा हो पायेगा, जांच जारी है।

## पुलिस की तत्परता से जान बची

**कोटा, (निसं)।** शहर के अभय कमाण्ड सेन्टर के सामने एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर पुलिस कांस्टेबलों ने एक व्यक्ति को मौके पर प्राथमिक उपचार देते हुए उसकी जान बचाई। मामले में सामने आया कि एक युवती अपने पिता को लेकर जा रही थी कि अभय कमाण्ड सेंटर के सामने उसके पिता को अचानक से दिल का दौरा पड़ा और खून की उल्टी होने लगी तो अभय कमाण्ड सेंटर पर स्थापित शहर पुलिस के हेड कांस्टेबल मौहम्मद रफीक ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए उस बेटी की मदद की एवं नारायण लाल हेड कांस्टेबल, निरंजन कुमार हेड कांस्टेबल, ताहिर हुसैन हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल अशोक के सहयोग से उस लड़की के पिता को मौके पर सीपीआर देकर उनकी जान बचाई और तुरंत ही कोटा के निजी अस्पताल में उपचार के लिये पहुंचाया, जिसके लिये व्यक्ति के परिवार ने भी कोटा पुलिस को धन्यावाद दिया।

# बस व बाइक की भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह में रफ्तार के कहर के चलते बुधवार को बासेडा ग्राम के पास रघुनाथपुरा मोड पर तेज रफ्तार रोडवेज बस व मोटरसाइकिल में भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रोडवेज बस की टक्कर से बाईक में लगी आग से बाईक जलकर राख हो गई।

टोडारायसिंह थानाधिकारी ने बताया कि मृतक सोनू के भाई रामलाल की और से बुधवार को सड़क हादसे के बाद दी रिपोर्ट मे बताया कि उसका भाई सोनू व पिता नाथुलाल रेगर निवासी कल्याणपुरा जाटान जो कि अपनी मोटरसाइकिल से खरेडा की और आ रहे थे। इसी दौरान रघुनाथपुरा मोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज के चालक ने लापरवाही बरतते हुये मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। बस व बाइक में हुई टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों शवों को पुलिस सुरक्षा में ले उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद रोडवेज चालक बस को मौके पर छोड़ फरार हो गया।

इसी प्रकार मंगलवार की देर रात मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर हाथगी मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक प्रधान पुत्र गोपाल बैरवा निवासी देवल्या खुर्द बघेरा थाना केकड़ी की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक प्रधान मालपुरा शहर मे पीओपी का कार्य करता था। मंगलवार की शाम अपने परिचित रिश्तेदार के पास सिंधोलिया जा रहा था। इसी दौरान हाथगी मोड पर सड़क हादसे का शिकार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :-MEW/2024-25/ 4588 दिनांक:-18.03.2025

**:: ई-निविदा सूचना संख्या 58/2024-25 ::**

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 125 लाख ( कुल 1 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | 18.03.2025 से 27.03.2025 को 6 pm तक |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | 28.03.2025 को 11.00 am पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

Nib Code :-ANN2425A0219

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | ANN2425WSOB00357 | | |

राज.संवाद / सी / 24 / 13502 अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम अजमेर


# ठगों को बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** ठगों को बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार एवं सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन एवं एंटीवायरस अभियान के तहत सवाई माधोपुर पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाने की गठित टीम ने पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह रावत आरपीएस के नेतृत्व में शामिल सहायक उप निरीक्षक फैयाज खान, कांस्टेबल नफीस खान, ब्रजराज एवं सहायक उप निरीक्षक राजबब्बर सिंह अनुसंधान कार्य व हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह तकनीकी सहायक की टीम ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज अभियोग में 2 वर्ष से फरार चल रहे वांछित बैंक खाता धारक आरोपी सुरेंद्र सिंह गोंड निवासी बसोहरा पोस्ट कुबरा थाना जयसिंहनगर जिला सहडोल मध्य प्रदेश को बसोहरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर ठगों को बैंक अकाउंट उपलब्ध कराता था। दर्ज मामले में साइबर ठगो द्वारा पीड़ित को लालच देकर करीब 6 लाख 52 हजार रुपए की ठगी के दर्ज मामले में शामिल है। साइबर क्राइम पुलिस थाना सवाई माधोपुर द्वारा आमजनों से अपील कि गई ठगों द्वारा लालच दिए जाने पर अपनी आईडी प्रूफ, बैंक खाता, मोबाइल सिम व सोशल मीडिया अकाउंट नंबर उपलब्ध नहीं करावें। आगे भी साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया।

- आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया

# 120 फीट गहरे कुएं में गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत

**कपासन, (निसं)।** कपासन में 120 फीट गहरे कुएं में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना गोराजी का निंबाहेड़ा गांव में मंगलवार रात की है।

कपासन थाना के अंतर्गत गांव रेणकाखेड़ा निवासी गणेश भील (28) पिता रामा भील रेणकाखेड़ा का रहने वाला था और गोराजी का निंबाहेड़ा में किराए के मकान में पत्नी बच्चों के साथ रहता था, और घर कभी-कभी आता था। वहीं मजदूरी करता था। मंगलवार को गणेश भील का शव कुएं में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुएं में ऊपर पक्षी पकड़ने की प्लास्टिक जाल लगी हुई थी। जाल में एक कबूतर फंसा हुआ था और वह एक तरफ से टूटी हुई थी।

- गोराजी का निंबाहेड़ा में किराए के मकान में पत्नी बच्चों के साथ रहता था



पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को कपासन उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद मृतक गणेश भील की लाश का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। इधर मृतक के परिजन प्रार्थी श्याम लाल भील पिता रामा भील ने पुलिस को रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि मेरे भाई गणेश भील की रात्रि में कुएं में गिरने से मौत हुई है। मुझे कोई संदेह शंका नहीं है।


**कार्यालय श्री साँवलियाजी मन्दिर मण्डल मण्डफिया जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/श्रीसाँमम/2024-25/3794 दिनांक-18.03.2025

**वाहन नीलामी सूचना**

श्री साँवलियाजी मन्दिर मण्डल, मण्डफिया के विभिन्न पुराने वाहनों को सार्वजनिक खुली बोली निलामी प्रक्रिया के माध्यम से विक्रय किया जाना है। नीलामी बोली दिनांक 08/04/2025 को दोपहर 12:00 बजे से प्रारम्भ की जावेगी इसलिए नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति उसी दिन प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित धरोहर राशि रुपये 32,000/-मौके पर ही जमा करवाकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी से सम्बन्धित वाहनों का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | वाहन विवरण | पंजियन संख्या | न्यूनतम बोली राशि ( रू. ) में |
|---|---|---|---|
| 1. | FARMTRAC - 45 TRACTOR | RJ 09 PA 0220 | 140000/- |
| 2. | SONALIKA Mini Tractor GT-20 | RJ 09 PA 0501 | 97000/- |
| 3. | SONALIKA Mini Tractor GT-20 | RJ 09 PA 0505 | 97000/- |
| 4. | AMBULANCE (FORCE) Tempo Traveller | RJ 09 PA 2552 | 192600/- |
| 5. | MAHINDRA BOLERO ZLX 2 WD | RJ 09 UA 6006 | 270000/- |
| 6. | TOYOTA INNOVA 2.5 Z | RJ 09 UA 7272 | 500000/- |
| 7. | TATA SAFARI VX | RJ 09 UB 5151 | 287000/- |

शर्ते :- 1. बोलीदाता को बोली में भाग लेने से पूर्व धरोहर राशि नकद अथवा डी.डी. के रुप में जमा करवाना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि के अभाव में कोई भी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। 2.डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करवाने की स्थिति में डी0डी0 मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया के नाम से देय होना चाहिये। 3.उच्चतम बोलीदाता की बोली को ही स्वीकार किया जावेगा। 4. वाहन को यथास्थिति में नीलाम किया जावेगा। 5. वाहनों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को मंदिर मण्डल के वाहन गेराज में जा कर किया जा सकता है। 6. अन्तिम/उच्चतम् बोली छूटने पर बोलीदाता को स्वीकृत बोली की 25 प्रतिशत राशि मौके पर ही नकद/डी0डी0/NEFT द्वारा जमा करवानी होगी। शेष राशि 03 कार्य दिवस में एकमुश्त जमा करवाकर वाहन की सुपुर्दगी प्राप्त करनी है। 7. निर्धारित अवधि में वाहन राशि जमा नहीं करवाने एवं वाहन की सुपुर्दगी नहीं लेने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की स्वयं की होगी। 8. किसी भी खुली बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। 9. वाहनों के पंजियन, हस्तान्तरण शुल्क, तथा लगने वाले समस्त प्रकार के कर एवं व्यय इत्यादि बोलीदाता को स्वयं वहन करने होंगे जो स्वीकृत उच्चतम बोली के अतिरिक्त होंगे।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

# किसके संरक्षण में दी जा रही हरियाली की बलि



राजस्थान यूनिवर्सिटी में चल रहा हरे पेड़ों को खत्म करने का खेल। कई पेड़ों की छाल उतारी। एक गेट भी निकाला। अंदर जाने पर पता चला के और भी कई पेड़ हैं जिनकी पिछले समय छाल उतारी गई थी और अब मात्र ठूंठ ही बचे हैं। आखिर किसके संरक्षण में हो रहा है ये सब और यूनिवर्सिटी प्रशासन क्यो खामोश है? फोटो : दिनेश भारद्वाज

# ड्रोन तकनीक का उपयोग माइनिंग सेक्टर के लिए लाभकारी : टी.रविकान्त



**माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर बुधवार को संवाद किया गया। इससे पहले प्रमुख शासन सचिव माइन्स टी. रविकान्त, नोडल अधिकारी एमपी मीणा और सह प्रभारी संजय सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलन कर संवाद कार्यक्रम शुरू किया।**

**जयपुर।** माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य सरकार, तकनीकी विशेषज्ञों और माइनिंग लीजधारकों के प्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद कायम किया गया। प्रमुख शासन सचिव माइन्स टी. रविकान्त ने कहा कि तकनीक और नई व्यवस्था को आत्मसात करने में शुरुआत में भ्रान्तियां और जिज्ञासाएं होती है और उसी को समझने और दूर करने के लिए सरकार द्वारा यह साझा मंच उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीक का उपयोग सरकार और लीजधारक दोनों के लिए लाभकारी होने के साथ ही काम को आसान करने का माध्यम है। विचार विमर्श में आये सुझावों का गुणावगुण के आधार पर अध्ययन कर एसओपी जारी की जाएगी।

टी. रविकान्त ने कहा कि शुरुआत में नई व्यवस्था में हमें खामियां या भ्रांतियां ही दिखाई देती है जिनका आपसी विचार मंथन से निराकरण और समाधान संभव है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में माइनिंग सेक्टर में व्यवस्था के सरलीकरण और प्रक्रियाओं को आसान करने का सिलसिला लगातार जारी है। देखा जाए तो यह एक तरह से नेशन बिल्डिंग प्रोसेस का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर में हमें और सुधार व सरलीकरण देखने को मिलेगा।

■ **'तकनीक के उपयोग से लीजधारकों के लिए होगा काम आसान'**

रविकान्त ने बताया कि ड्रोन कंपनियों और विशेषज्ञों को बुलाने का कारण भी यही है कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन के उपयोग के संबंध में समझा जा सके, शक शुबहे दूर कर सके और लीजधारक तकनीक के उपयोग से और अधिक आसानी से काम कर सकें। हमें समझना होगा कि तकनीक हमारे काम को आसान करने के लिए है और उसमें समयानुकूल बदलाव होता रहता है।

एमडी आरएसएमएम भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन सर्वे से आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर को लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि अच्छे बदलाव के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि खनिज लीज धारकों द्वारा वार्षिक रिटर्न के साथ प्रस्तुत करना होगा और एक बार शुरु करने के बाद आगे के लिए लीजधारकों को भी सुविधाजनक हो जाएगा। तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा जारी होने वाली एसओपी स्पष्ट, पारदर्शी और सरलीकृत होगी।

खनन प्रतिनिधियों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि जब कोई नई व्यवस्था आती है तो घबराहट और आशंकाएं भी उसके साथ आती है। सरकार ने उन्हें दूर करने की अच्छी व सकारात्मक पहल की है।

# अवैध बजरी खनन के मुद्दे पर सरकार की तरफ से जवाब नहीं आया तो विपक्ष ने किया वाक आउट

## शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव के तहत अवैध बजरी खनन का मुद्दा उठाया

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** विधानसभा में अवैध बजरी खनन के मुद्दे पर सरकार की तरफ से जवाब नहीं देने को लेकर विपक्ष कांग्रेस के सदस्यों ने बुधवार को सदन से बहिर्गमन किया।

शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव के तहत अवैध बजरी खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर सरकार से जवाब देने की मांग की लेकिन इस पर कोई जवाब नहीं आने पर एक बार सदन में शोर शराब एवं हंगामा हुआ और बाद में कांग्रेस के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

इससे पहले जूली ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध बजरी खनन की घटनाएं घट रही है लेकिन डबल इंजन की गहरी नींद में सो रही है। सरकार के रवैये पर उच्च न्यायालय को भी टिप्पणी करनी पड़ी कि सीबीआई का सहयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अवैध खनन नहीं संभल रहा है तो सीआरपीएफ बुलाओ, दूसरे राज्यों से मदद लो। इस पर सत्ता पक्ष के कुछ सदस्य खड़े हो गए और दोनों तरफ से बोलने पर सदन में शोरशराबा और हंगामा हुआ। इस दौरान जूली ने आरोप लगाया कि इसी सरकार के मंत्री ने भी अवैध खनन को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाए हैं और कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

जूली ने हंगामे के बीच सरकार से जवाब देने की मांग की लेकिन जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

बहिर्गमन के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि जिस पार्टी के शासन में खनन माफिया हावी थे, पुलिस रोज पिटती थी वे हम पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपने घर में झांकना चाहिए। उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा, इसलिए वे बिना कारण हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही में कांग्रेस हमेशा विरोध ही करती है। बिना किसी आधार के सदन की कार्रवाई बाधित करना उनकी आदत बन गई है।

# श्री प्रेमभाया महोत्सव में परकोटे में बहेगी भक्ति की रस धार

**जयपुर।** परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला ढूंढाड़ की विरासत श्री प्रेमभाया महोत्सव के उपलक्ष में 85 वां त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह (शीतलाष्टमी) 21 मार्च से 23 मार्च तक युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर में श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा मनाया जाएगा।

इस अवसर पर 21 मार्च को दिन में श्री प्रेमभाया सरकार का शंखनाद के साथ वैदिक मंत्रोचारण से पंचामृत अभिषेक करा नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी व आह्वान पद के साथ बधाई पद गाये जाएंगे तत्पश्चात रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत रहेगा जिसमें देश प्रदेश के प्रमुख गायक, वादक अपनी हाजिरी लगाएंगे। इस अवसर पर मुख्य द्वार पर शहनाई व नंगारा वादन होगा। जयलाल मुंशी के रास्ते में भक्तों द्वारा घर-घर एल ई डी लाइट से रोशनी की गई है।

समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि इस त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह में 21 से 22 मार्च को रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत रहेगा व 22, 23 मार्च को दिन में महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत, 23 मार्च को 7 बजे नगर संकीर्तन युगल कुटीर से प्रारंभ होगा जो कि शहर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ प्रातः 7 बजे सत्संग स्थल पर पहुंचकर महोत्सव संपन्न होगा। महोत्सव में प्रमुख गायकों में राकेश शर्मा अजान प्रकाश दास महाराज, विजय भैया, उमा लहरी, कुमार गिर्राज, परवीन मिर्जा, हीना सेन, सन्नी चक्रधारी, अमित नामा, गोपाल सिंह राठौड़, गोपाल सेन, ईश्वर शरण शास्त्री, महेश परमार, तुषार शर्मा, शालिनी शर्मा सहित अन्य गायक व वादक अपनी हाजिरी लगाएंगे।

# राजस्थान भू-जल प्राधिकरण विधेयक 2024 को फिर प्रवर समिति को भेजा

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक-2024 को फिर प्रवर समिति को भेज दिया गया।

विधेयक को दूसरी बार प्रवर समिति को भेजने से पहले इस पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने कहा कि इस विधेयक पर विधानसभा सदस्यों ने चर्चा की और अपने सुझाव दिए हैं। ऐसे प्राधिकरण का गठन केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण के रुप में पहले से हो चुका हैं और इसमें शर्तें पहले से ही लगी हैं। यह विधेयक यहां इसलिए लाया गया कि जो अनुमति केन्द्र से लेनी पड़ती थी अब इसके लागू होने पर यह अनुमति यहां ही मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने के समय जो अनुमति आदि की दिक्कत दूर करने के लिए इसे लाया गया। उन्होंने कहा कि इसमें व्यक्तिगत पानी के लिए कोई अनुमति की जरुरत नहीं हैं।

प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल ने स्पष्ट करते हुए कहा कि पेयजल एवं कृषि भूजल उपयोग के लिए कोई अनुमति नहीं लेनी होगी। उन्होंने कहा कि नये बांध भी बनाये जायेंगे। जलवायु बदलती जा रही है और वर्ष 1984 में 25 प्रतिशत दोहन बढकर 150 प्रतिशत हो गया हैं। नदियां साल भर नहीं चलती हैं और केवल एक चम्बल नदी है जो लगातार चलती है बाकी वर्षा के बाद सब सूख जाती है। उन्होंने कहा कि इसमें विधेयक में कई प्रावधान किए जायेंगे ताकि लोगों को अनुमति के लिए ज्यादा चक्कर नहीं लगाना पड़े। सदस्यों ने अच्छे सुझाव दिए हैं और इस विधेयक को पुनः विचार के लिए प्रवर समिति के लिए रखते है। उन्होंने कहा कि अच्छा क्या हो सकता हैं वे सुझाव दे ताकि यह विधेयक जनता के हित में रहे।

इससे पहले इस पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि इस विधेयक में किसान और इंडस्ट्री के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पानी के अंदर प्रदूषण भी फेल रहा है। सतही जल की गहराई और नीचे जा रही है हालत खराब हैं लेकिन जिस मंशा के तहत इस विधेयक को लाया गया है वह गलत हैं। जितनी आवश्यकता है उससे ज्यादा राजस्थान में वर्षा होती है लेकिन पानी का संचय नहीं होता। संचय नहीं होने की वजह से हालात बिगड़ते है और यह विधेयक जनता के साथ खिलवाड़ करने वाला विधेयक हैं।

■ **जूली ने कहा कि इस विधेयक में किसान और इंडस्ट्री के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पानी के अंदर प्रदूषण भी फेल रहा है**

■ **जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल ने कहा कि पेयजल एवं कृषि भूजल उपयोग के लिए कोई अनुमति नहीं लेनी होगी।**

# राज्यपाल ने किया सुनीता विलियम्स का अभिनंदन

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के 9 माह बाद अंतरिक्ष से वापस लौटने पर प्रसन्नता जताते हुए वंदन, अभिनंदन किया है।

उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व की गौरव है। वह नारी शक्ति की प्रतीक हैं। अंतरिक्ष में इतने दीर्घ समय तक अपने साहस, धैर्य, निर्भीकता से रहकर उन्होंने संपूर्ण जगत को गौरवान्वित किया हैं।

# कांग्रेस राज में पनप रहे थे बजरी माफिया, भजनलाल सरकार ने पहुंचाए सलाखों के पीछे : गोदारा

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी की झूठ फैलाने की नीति को उजागर किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस राज में पनपे खनन माफिया राज की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा इन पर की गई प्रभावी कार्रवाई को बताया। मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता इन दिनों अवैध बजरी खनन को लेकर ना केवल सदन में बल्कि प्रदेशभर में अभियान चलाकर झूठ फैला रहे है। जबकि प्रदेश में अवैध खनन और खनन माफियाओं को पनपाने का काम कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने ही किया था। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से तकनीक का इस्तेमाल किया और कांग्रेस की तुलना में कई गुणा अधिक मुकदमें दर्ज किए, अवैध माल वाहन जब्त किए और अवैध बजरी सीज की।

बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने कांग्रेस राज में पनपे जंगलराज को मीडिया के सामने रखते हुए बताया कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत के राज में ना तो उनका गृह जिला सुरक्षित था ना ही राजधानी। राजधानी में एक बुजुर्ग को बजरी माफियाओं ने कुचलकर मार दिया, वहीं रिंगरोड क्षेत्र में अवैध बजरी खनन की दर्जनों शिकायतें मिली, लेकिन गहलोत ने कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, गहलोत राज में सांगोद से तत्कालीन विधायक भरत सिंह ने गहलोत को पत्र लिखा था कि आपका खनिज मंत्री प्रदेश का सबसे बड़ा माफिया है, खनन माफिया पर नियंत्रण करना है तो उसे बर्खास्त करें। कोटा क्षेत्र में तो हाईवे पर खाया रे खाया भाया ने खाया के बोर्ड भी लग गए थे। इससे बौखलाए गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए कहा कि अवैध खनन नहीं रुक रहा, मुझे वीसी करनी पड़ रही है। इतना ही नहीं, विधायक ने मुंडन करवाकर यहां तक कह दिया था कि गहलोत का ई मान मर चुका है।

# अधिकारियों को नहीं मिलेगा एक से अधिक खरीद केन्द्र का चार्ज : दक



**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने सरसों-चना खरीद की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल भी मौजूद थीं।**

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की भावना है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा दाम मिले। उन्होंने कहा कि अप्रेल माह से शुरु की जा रही सरसों-चना खरीद की सभी तैयारियां इस प्रकार की जाएं कि किसानों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और उन्हें अच्छा महसूस हो।

सहकारिता मंत्री बुधवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से सरसों-चना खरीद की पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैण्डलिंग और ट्रांसपोर्ट के टेंडर के प्रावधानों में शिथिलता इसलिए दी गई है ताकि प्रक्रिया में अच्छे लोग शामिल हों और किसानों को अपनी उपज बेचान के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। दक ने कहा कि यदि लगातार किसी ठेकेदार की शिकायत मिलती है तो उसे डिबार करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को टेंडर फेल होने की स्थिति में दूसरा विकल्प तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी पूरे समय खरीद केन्द्र पर मौजूद रहे और उसकी पूरी जिम्मेदारी निर्धारित हो, इसके लिए एक अधिकारी को एक से अधिक खरीद केन्द्र का चार्ज नहीं दिया जाएगा।

दक ने निर्देश दिए कि उप रजिस्ट्रार खरीद केन्द्रों का जायजा लेकर वहां टेंट, छाया, पानी आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही, ठेकेदार के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसके पास खरीद के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि खरीद केन्द्रों पर दलालों द्वारा माल तोलने की समस्या नहीं होनी चाहिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चूंकि बाजार भाव की तुलना में समर्थन मूल्य की दरें आकर्षक हैं लिहाजा खरीद केन्द्रों पर बड़ी मात्रा में सरसों-चना बिक्री के लिए आएंगे। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त खरीद केन्द्र खोले जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद का लक्ष्य पूरा हो, इसके पूरे मनोयोग से प्रयास किए जाएं।

सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद केन्द्रों वाली क्रय-विक्रय एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के साथ 25 मार्च से पूर्व बैठक कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। खरीद केन्द्रों पर गुणवत्ता मापदण्डों का बैनर लगाया जाए। साथ ही, इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए कि खरीद केन्द्रों पर किसानों को उपज बेचान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 अप्रेल से खरीद प्रक्रिया शुरू करने के अनुरूप समय पर सभी तैयारियां पूरी की जाएं।

■ **'रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप प्रदेश में खोले जाएं अतिरिक्त खरीद केन्द्र'**

# सांचौर में नियम विरुद्ध जारी पट्टों पर की जाएगी कार्रवाई : खर्रा

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि नगरपालिका सांचौर में पूर्ववर्ती सरकार के समय में नियम विरुद्ध जारी किये गए पट्टों की जांच की जाएगी और इसमें गलत पाए जाने वाले पट्टों को निरस्त किया जाएगा तथा सम्बंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। खर्रा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गत सरकार के समय कराये गए अविवेकपूर्ण कार्यों की जांच कराए जाने की घोषणा के तहत इन कार्यों की जांच को भी शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में सांचौर नगरपालिका में सात हजार छह पट्टे जारी किये गए, जिनसे 10 करोड़ 76 लाख 96 हजार 221 रुपए प्राप्त हुए। इनमे कृषि भूमि के तीन हजार 891, 69-क नियमन के दो हजार 813, खांचा भूमि के तीन, कच्ची बस्ती नियमन के दो एवं स्टेट ग्रांट एक्ट के 297 पट्टे जारी किये गए।

इससे पहले विधायक जीवाराम चौधरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि नगर पालिका सांचौर में गत पांच वर्षों में समय-समय पर प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत जारी किये गये परिपत्रों एवं आदेशों के आधार पर पट्टे जारी किये गये हैं। विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई शिकायत पर परिषद द्वारा जांच कर 13 पट्टों को निरस्त किया गया है।

# 'अतिक्रमियों पर होगी कार्रवाई'

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि माण्डल विधानसभा क्षेत्र की तहसील-हमीरगढ़ स्थित ग्राम पंचायत मंगरोप की चारागाह भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मीणा प्रश्नकाल में पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा अतिक्रमियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाती है और अतिक्रमित भूमि पर खड़ी फसल को दस दिन में निलाम कर राशि वसूली जाएगी तथा अतिक्रमित भूमि को भौतिक रूप से मुक्त कराया जाएगा।

# अंतर्राज्यीय गैंग के चार नकबजनों को गिरफ्तार किया, कई वारदातें कबूल की

## नकबजनों के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में कई नकबजनी के मामले दर्ज हैं

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को एक अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार करने के बाद थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव के नेतृत्व में गठित की गई अलग-अलग टीमों ने कई स्थानों पर दबिश दी। शाहरुख खान की गैंग के तीन अन्य साथियों को पुलिस ने तीन अलग-अलग शहरों में छापा मारकर गिरफ्तार किया है। जिससे कस्बे में चोरी की वारदातों पर अंकुश तो लगा ही है वहीं पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी बढ़ा है।

बीदासर थाना पुलिस की गठित टीम ने जोधपुर की मदेरणा कॉलोनी व हाल निवासी सुजानगढ़ उमरदीन भाटी पुत्र ल्याकत को बीकानेर से, जोधपुर के नागौरी गेट भील बस्ती निवासी मोहम्मद नहीम पुत्र मोहम्मद ईस्माइल को चांदपोल जयपुर से व जोधपुर के कबीर नगर घानसाहीदा कॉलोनी निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र मोहम्मद खलील को सांभर जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय ने बताया कि अंतर्राज्यीय गैंग के गिरफ्तार किए गए चारों नकबजनों के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में करीब दर्जनभर नकबजनी के मामले दर्ज हैं



पुलिस टीमों ने चार जनों को छापा मारकर गिरफ्तार किया।

और कई थानों में वांछित हैं। गिरफ्तार किए गए नकबजनों ने पुलिस की कड़ी पूछताछ में बीदासर, सांडवा, सुजानगढ़, रतनगढ़, लाडनूं, जसवंतगढ़, बीकानेर, नागौर, खेडापा, सांभर, जयपुर सहित कई जगहों पर चोरी एवं नकबजनी की वारदात करना कबूल किया है।

चोरी की घटनाओं से पूर्व दिन में रैकी करना और रात्रि में बंद और सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए नकबजनों से हाल ही में कस्बा बीदासर में हुई सभी चोरियों का खुलासा होने व चोरी कर ले गए माल की बरामदगी की संभावना है।

अंतर्राज्यीय शातिर नकबजनों को गिरफ्तार करने में थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव की गठित टीम में सहायक

- **बीदासर, सांडवा, सुजानगढ़, रतनगढ़, लाडनूं, जसवंतगढ़, बीकानेर, नागौर, खेडापा, सांभर, जयपुर सहित कई जगहों पर चोरी एवं नकबजनी की वारदात करना कबूल किया**

उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल पप्पूराम, प्रेमाराम, अविनाश, कैलाशदान, कांस्टेबल संतोष, राजकुमार, मामराज, सुरेंद्र सिंह, रूपाराम, जयवीर, गिरिश, मनोज कुमार, सुंडाराम, लीलाधर, श्रवण कुमार, नोपाराम, कैलाश, रामरतन, कमलेश, कृष्ण गोपाल, भागीरथ, सुभाष, मनीष कुमार व साइबर सैल चूरू के हैड कांस्टेबल भागीरथ मल और कांस्टेबल रवि मीणा की अहम भूमिका रही।

# केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान घना में लेपर्ड दिखाई दिया

## केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान प्रशासन ने पर्यटकों के लिये चेतावनी बोर्ड लगाए

**भरतपुर, (निसं)।** घना में घसोला वन क्षेत्र की साइड में लेपर्ड देखा गया है। डेढ़ महीने के बाद केवलादेव नेशनल पार्क में लेपर्ड देखा गया है। लेपर्ड दिखाई देने की पुष्टि घना निदेशक मानस सिंह ने की है। घना निदेशक मानससिंह ने बताया कि घसोला वन क्षेत्र में कैमरे में लेपर्ड ट्रेप हुआ है। लेपर्ड डेढ़ महीने पहले भी केवलादेव नेशनल पार्क के

- **पक्षी उद्यान में लगे सीसीटीवी कैमरा में लेपर्ड कैद हुआ**

घसोला वन क्षेत्र में देखा गया था। घना पक्षी विहार प्रशासन ने पार्क के अंदर सुबह घूमने आने वाले लोगों पर अंदर जाने पर रोक लगा दी है। केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और चेतावनी जारी की गई है कि जो भी पर्यटक पक्षियों को निहारने आ रहे हैं वह मुख्य सड़क पर ही रहे, अंदर जंगल में जाने की कोशिश नहीं करें क्योंकि लेपर्ड मिल सकता है।

गौरतलब है कि हजारों की संख्या में यहां देश-विदेश से पर्यटक पक्षियों



घसोला वन क्षेत्र में कैमरे में लेपर्ड ट्रेप हुआ।

को निहारने के लिए राष्ट्रीय पक्षी उद्यान के अंदर जाते हैं, मगर पर्यटकों की सुरक्षा और उनकी देखभाल रखने के लिए प्रशासन द्वारा चेतावनी जारी की गई है। पक्षी उद्यान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा में लेपर्ड कैद हुआ है। केवलादेव घना पक्षी विहार के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि डेढ़ महीने पहले भी लेपर्ड केवलादेव घना पक्षी विहार में देखा गया था। इससे यह लगता है घना पक्षी विहार का वातावरण एक लेपर्ड के लिए उपयुक्त है, क्योंकि घना पक्षी विहार के अंदर करीब 2500 चीतल हैं। पहले से जंगल भी काफी अच्छा हो गया है। पानी की कमी नहीं है, इसलिए हर तरीके से लेपर्ड के लिए अच्छा वातावरण है। इसलिए वह यहां पर आता रहता है।

# एनएसजी कमांडो के शव का अंतिम संस्कार किया

- **जमीनी विवाद को लेकर एनएसजी कमांडो बबलेश और उसके भाई पर फायरिंग कर दी थी**
- **बबलेश का इलाज दिल्ली के मिलिट्री अस्पताल में चल रहा था, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई**

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी जालिम सिंह के रहने वाले एनएसजी कमांडो को सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पुलिस के आश्वाशन के बाद परिजनों ने शव को लिया है। मामले की सेवर थाना पुलिस जांच कर रही है।

जमीनी विवाद को लेकर 23 अक्टूबर 2024 को गांव के कुछ लोगों ने कमांडो बबलेश और उसके भाई पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में कमांडो बबलेश के पैर में गोली लगी थी, तभी से बबलेश का इलाज दिल्ली के मिलिट्री अस्पताल में चल रहा था। 17 मार्च को अचानक तबियत ख़राब होने के कारण कमांडो बबलेश कुमार का निधन हो गया। कमांडो के परिजनों ने कल आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर शव लेने से इंकार कर दिया था। पुलिस के अधिकारियों से आश्वाशन मिलने के बाद उन्होंने बुधवार सुबह शव लिया।

गौरतलब है कि एनएसजी कमांडो बबलेश कुमार ने दो साल पहले चार बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन की बाउंड्री को लेकर गांव के लक्खो, राजवीर, सुबड से परिवार के लोगों का विवाद हो गया। अक्टूबर में बबलेश कुमार 15 दिन की छुट्टियों पर जम्मू-कश्मीर से घर आये हुए थे। 23 अक्टूबर को सुबह के समय बबलेश अपनी जमीन की तरफ जा रहे थे। इस दौरान लक्खो, राजवीर, सुबड ने अपने परिजनों के साथ मिलकर बबलेश पर हमला कर दिया। सभी लोगों ने बबलेश पर ताबतोड़ गोलियां बरसाई। घटना का पता लगने के बाद जब बबलेश का बड़ा भाई बंशराम उसे बचाने आया तो, उन्होंने बंशराम पर भी फायरिंग कर दी।

घटना में बबलेश के शरीर पर कई गोलियां लगी और पैर में तीन गोलियां लगी। लक्खो, राजवीर, सुबड और उसके परिजनों ने बबलेश के पैर पर कुल्हाड़ी से भी वार किया। घटना के बाद बबलेश को तुरंत भरतपुर के आरबीएम अस्पताल लाया गया, जहां से उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बबलेश के पैर में इंफेक्शन फैलने के कारण जयपुर अस्पताल में डॉक्टरों को उसका सीधा पैर काटना पड़ा, जिसके बाद बबलेश के परिजनों ने घटना की सूचना आर्मी ऑफिस में दी। बबलेश को दिल्ली के आर आर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया।

बबलेश के परिजनों ने लक्खो, राजवीर, सुबड और उसके परिजनों के खिलाफ सेवर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए लक्खो और राजवीर के नाम एफआईआर से निकाल दिए, जिसमें से राजवीर आरएसी में कांस्टेबल बताया है। पुलिस के आश्वाशन के बाद शव को लिया है। मामले की सेवर थाना पुलिस जांच कर रही है।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के पतलई गांव के पास रेल पटरी पर एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान रेलडा फला माथुगामडा खास निवासी नरेश के रूप में हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक के पिता गौतमलाल ने पुलिस को बताया कि नरेश मंगलवार दोपहर को बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। बाद में पतलई के पास रेल पटरियों पर उसका कटा हुआ शव मिला। उदयपुर-असारवा रूट पर चलने वाली ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सदर थाना के एएसआई अरविंद कुमार के अनुसार, मृतक के पिता ने बताया कि नरेश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घटना के बाद जीआरपी और सदर थाना पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाना बनाते समय गैस चूल्हे की नली निकलने से आग लगी, तीन झुलसे







तीनों को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की जवाहर नगर कॉलोनी में बुधवार को खाना बनाते समय गैस चूल्हे की नली निकलने से भभकी आग की चपेट में आने से एक महिला अपने दो बेटों के साथ गंभीर रूप से झुलस गई।

- **आग की चपेट में आने से महिला अपने दो बेटों के साथ झुलसी**

तीनों को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर में रहने वाले विवेक कुमार द्विवेदी की पत्नी रागनी बुधवार सुबह घर में खाना बना रही थी।

अचानक गैस चूल्हे की नली निकल जाने से भभकी आग की चपेट में आने से रागिनी के साथ उसके दो बेटे राघव (10) और विवेक (8) गंभीर रूप से झुलस गए तीनों को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हाई सेंटर रेफर किया गया है। जहां पर उनका उपचार जारी है।

# कजोड़ गैंग का तीसरा इनामी आरोपी गिरफ्तार



कजोड़ गैंग के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहरी क्षैत्र के रिको एरिया स्थित गोदाम में दो बार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली कजोड़ गैंग के तीसरे व पांच हजार रूपये के फरार इनामी आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि रिको एरिया में 19 अक्टूबर व 26 नवम्बर 2024 की रात चोरों ने ताले तोड़ सरसों व मूंग की बोरियां चोरी की वारदात को अंजाम देने की बड़ी घटना को गंभीरता से लेते हुये विशेष टीम का गठन किया गया। टीम मे शामिल थानाधिकारी चेनाराम बेडा सहित एसआई रामस्वरूप, हैड कांस्टेबल कैलाश चन्द, कांस्टेबल गंगदेव, कपिल व हनुमान ने सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल आसुचना के आधार पर साक्ष्य जुटाकर कजोड़ गैंग का फर्दापाश करते हुये पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गैंग में शामिल तीसरे व पांच हजार के इनामी आरोपी मूलचन्द पुत्र श्रवण चन्द जाट को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध फुलेरा, जोबनेर, नरेणा, नागौर, मौजमाबाद सहित दस से अधिक थानों में अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी से मामले में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

## पानी गर्म करते झुलसी युवती की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एसएसबी रोड पर बनी सिद्धू कॉलोनी में युवती आरती की जलने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब आरती हमाम में पानी गर्म कर रही थी। जवाहरनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए आरती के पिता रविंद्र ने बताया कि उसने आग जलाने के लिए मिट्टी का तेल छिड़का। आग अचानक भड़क उठी और वह चपेट में आ गई। परिवार के सदस्यों ने चीख-पुकार सुनकर आग बुझाई और गंभीर रूप से झुलसी आरती को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## आयोग ने शुद्धि पत्र जारी किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-(संस्कृत शिक्षा विभाग) भर्ती-2024 अंतर्गत शुद्धि-पत्र संख्या 23/2024-25 जारी किया गया है। इसका अवलोकन आयोग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। आयोग सचिव ने यह जानकारी दी।

# जैतसर में बिजली बिल बकायादारों पर कार्रवाई

## 1.75 करोड़ की वसूली के लिए विभाग ने 17 कनेक्शन काटे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के जैतसर सब डिवीजन में विद्युत विभाग ने मार्च माह में चल रहे बकाया वसूली अभियान के तहत बुधवार को कनेक्शन काटने की कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग के अनुसार, इस समय क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं पर कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपए का बकाया है। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बिल अदा करने की अपील की है और चेतावनी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असमर्थता हो सकती है। इस अभियान के तहत विभाग ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बुधवार को करीब 17 कनेक्शन काटे गए हैं। विद्युत विभाग की टीम ने वसूली अभियान के लिए दो

- **वसूली अभियान के लिए दो टीमों का गठन किया**

टीमों का गठन किया है, जो कस्बे और आसपास के गांवों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

सहायक अभियंता अभय रंजन ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करवाना है ताकि विभाग की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को यह निर्देश दिए गए हैं कि अगर वे जल्द ही अपना बिल चुकता नहीं करते हैं, तो उनके कनेक्शन काटने के अलावा अन्य सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शादी वाले घर में गहने व नकदी चोरी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** चूनावढ़ थाना क्षेत्र के गांव बख्तांवाली में एक शादी वाले घर से दो बैग चोरी हो गए। इन दो बैग में करीब 19 हजार रुपए नकद व सोने के तीन टॉप्स थे। चूनावढ़ थाना में दर्ज करवाए केस में पीडित महेंद्र सिंह ने बताया कि फरवरी में उसकी बेटी की शादी थी। शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोरों ने दो बैग पार कर लिए। घटना रात जागो कार्यक्रम के दौरान हुई, जब परिवार व रिश्तेदार आयोजन में व्यस्त थे। चोरी गए बैगों में करीब 19 हजार रुपए नकदी और तीन जोड़ी सोने के टॉप्स थे। महेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों बैग पंजाब से आए रिश्तेदारों के थे। चोरी का पता चलने पर परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की। शादी में आए रिश्तेदारों के अलावा आस-पड़ोस में भी पड़ताल की गई लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद चूनावढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया। मामले की जांच कर रहे हैड कांस्टेबल मनोहरलाल ने बताया कि आशंका है कि जागो कार्यक्रम में आए किसी बाहरी व्यक्ति ने चोरी को अंजाम दिया है।

# 20 गांवों के लिए 9 करोड़ लीटर पानी का भंडारण

## जैतसर में पेयजल संकट से बचने की तैयारी, जलदाय विभाग की पहल

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के जैतसर में जलदाय विभाग ने गर्मी के मौसम से पहले पेयजल भंडारण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आईजीएनपी की सूरतगढ़ शाखा से पानी की आपूर्ति मिलने के बाद विभाग नहर में बर्मे लगाकर स्टोरेज टैंक में पानी भर रहा है।

जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार जाखड़ ने बताया कि यह कदम आने वाली गर्मी में जैतसर और आसपास के 20 से अधिक गांवों में पानी की कमी को रोकने के लिए उठाया गया है। विभाग परिसर में दो बड़े स्टोरेज टैंक हैं। इन टैंकों में कुल 9 करोड़ लीटर पानी का भंडारण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। कर्मचारियों को पानी


- **पानी भंडारण के दौरान विशेष सावधानी बरतने के निर्देश जारी**

भंडारण के दौरान विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का लक्ष्य है कि नहर बंद होने से पहले शत-प्रतिशत पेयजल भंडारण पूरा कर लिया जाए। गांवों में तैनात जलदाय विभाग के कर्मचारियों को भी पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण करने के निर्देश दिए गए हैं। नायब तहसीलदार तेजपाल पारीक ने मंगलवार को स्थिति का जायजा लेते हुए कनिष्ठ अभियंता से पानी भंडारण की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

# फूलडोल महोत्सव में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**शाहपुरा, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगतगुरु रामदयाल महाराज का अगला चातुर्मास गढबोर चारभुजा में होगा।

सोमवार से बुधवार तक आठ शहरों से अरजिया पेश हुई, जिसमें चित्तौड़गढ़, पुष्कर, जयपुर, कैथून, भीलवाड़ा, गढभोर चारभुजा, केकड़ी एवं आज अयोध्या की अर्जी लगी। सभी भक्तजनों द्वारा बारादरी में विराजमान आचार्य रामदयाल महाराज के समक्ष अपने-अपने शहर में चातुर्मास करने की आवाज लगी जिसमें आचार्य श्री ने मुहूर्त के हिसाब से देखते हुए 11:15 बजे गढबोर चारभुजा नाथ में चातुर्मास करने की घोषणा की। गढबोर चारभुजा केभक्त जनों को गोटका प्रदान किया। स्वामी रामदयाल महाराज ने धर्म सभा में प्रवचन में कहा कि सबको अपने जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए, जानवर भी धर्म का पालन करते हैं, लेकिन मनुष्य कभी भी धर्म का पालन सही तरीके से नहीं करता है, वह अधर्म



शोभायात्रा का कार्यकर्ताओं ने जयकारे लगाकर स्वागत किया।

करता है। गीता जैसे पवित्र ग्रंथ पर हाथ रखकर शपथ लेने के बाद भी अधर्म करते हैं। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता, इसलिए सदैव धर्म का पालन करते हुए सत्य की राह पर चलना चाहिए क्योंकि अंत में सत्य की विजय श्री होती है।

इससे पूर्व फूल डोल महोत्सव के

- **स्वामी रामदयाल महाराज का अगला होगा चातुर्मास गढबोर चारभुजा में**

तहत बुधवार को छठे दिन भी धूमधाम के साथ श्री वाणी जी की शोभायात्रा निकाली गई। फूलडोल महोत्सव में आस्था का जन सैलाब उमड़ा। लगातार छठे दिन भी श्री वाणी जी महाराज जी को सिर पर धारण करने का सौभाग्य भक्त सूर्यप्रकाश बिडला को मिला। शोभायात्रा राम मेड़िया से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होते हुए रामनिवास धाम पहुंची वहीं बारादरी में जय जयकारे लगा स्वागत किया गया। शोभायात्रा में नगरवासी भक्त जनों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

वहीं त्रिमूर्ति चौराहे पर जिला शाहपुरा संघर्ष समिति, अधिवक्ताओं ने एवं शहर वासियों ने कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया।



मुझे उम्मीद है कि संजू सैमसन को किसी समय भारत का कप्तान बनने का मौका मिलेगा। राजस्थान रॉयल्स टीम के साथी ने शांत और देखभाल करने वाले स्वभाव से प्रभावित हुए।

- सिमरोन हेटमायर

राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी, संजू सैमसन के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



मनदीप सिंह



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी मनदीप सिंह और महिला टीम की खिलाड़ी उदिता दुहान जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। मनदीप 2016 में जूनियर वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे जबकि उदिता महिला ऑक्शन में बिकने वाली सभी महंगी खिलाड़ी हैं। भारतीय पुरुष टीम के मनदीप सिंह महिला टीम की उदिता दुहान से शादी करने जा रहे हैं। 21 मार्च को दोनों पंजाब में शादी करेंगे। दोस्ती से शुरू हुई उनकी कहानी कोरोना काल में प्रेम कहानी में बदल गई और अब दोनों इस रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने वाले हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ग्राहम गूच ने एक टेस्ट में टीम इंडिया के खिलाफ 1990 में बनाया था। उन्होंने पहली पारी में 333 और दूसरी में 123 रन बनाए थे।

## आईपीएल के शेड्यूल में हो सकता है बदलाव

### कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच हो सकते हैं रिशेड्यूल

नई दिल्ली, 19 मार्च। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने संकेत दिया है कि 6 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाला इंडियन प्रीमियर लीग मैच रिशेड्यूल किया जा सकता है।आईपीएल के पहले मैच से पहले बात करते हुए, गांगुली ने खुलासा किया कि रामनवमी के कारण कोलकाता पुलिस मैच के लिए सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं हो सकती है। बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि रामनवमी पर पश्चिम बंगाल ने 20 हजार से ज्यादा जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके कारण पूरे राज्य में सुरक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है। सीएबी के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने मंगलवार 18 मार्च को शहर की पुलिस के साथ दो दौर की चर्चा की, जिसमें पुलिस ने पुष्टि की कि, वे ईडन गार्डन्स में होने वाले मैच के लिए सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं होंगे। हालांकि, ये पहली बार नहीं होगा जब राम नवमी के दौरान मैच रीशेड्यूल किया जाएगा। पिछले साल भी राम नवमी पर सुरक्षा चिंताओं के कारण आईपीएल मैच को पुनर्निर्धारित किया गया था। आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली केकेआर और एलएसजी के बीच होने वाले मुकाबले में दर्शकों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। गोयनका के इंडियन सुपर लीग से जुड़े होने के कारण एलएसजी को स्थानीय स्तर पर काफी समर्थन प्राप्त है, जहां वे मोहन बागान सुपर जायंट्स के मालिक हैं।

# विराट-रोहित सहित पूरी टीम को लगा झटका

## बीसीसीआई फैमिली नियम में नहीं देगा ढील



नई दिल्ली, 19 मार्च। विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को विदेशी दौरे पर परिवार को साथ ले जाने के नियम को लेकर बीसीसीआई ने बड़ा झटका दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को कहा है कि बीसीसीआई विदेशी दौरे पर फैमिली को ले जाने के अपने वर्तमान दिशानिर्देशों को नहीं बदल रहा है। हाल ही में विराट कोहली ने विदेश दौरे में परिवार को साथ रखने का समर्थन किया था, जिसके अगले दिन कई रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें दावा किया था कि शायद बीसीसीआई फैमिली वाले नियम में ढील देने का मन बना सकता है।

देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा कि, इस समय वर्तमान नीति बरकरार रहेगी, क्योंकि ये राष्ट्री और हमारी संस्था, बीसीसीआई दोनों के लिए सबसे अहम है। बीसीसीआई मानता है कि इस मामले में कुछ नाराजगी या अलग-अलग राय हो सकती है। एक डेमोक्रेटिक सेटअप में लोग अपने विचार व्यक्त करने के हकदार हैं। ये नीति सभी टीम के सदस्यों खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और शामिल सभी लोगों के लिए समान रूप से लागू होती है और सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि, ये नीति रातोरात नहीं बनाई गईहै, ये दशकों से लागू है, हमारे अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खेलने के दिनों से और संभवतः उससे भी पहले से। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की सीरीज में 1-3 से हार के बाद बीसीसीआई ने निर्देश जारी किया कि 45 से ज्यादा दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी ज्यादातर एक हफ्ते तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।

## मुंबई इंडियंस के पहले मैच में सूर्यकुमार होंगे कप्तान

मुम्बई, 19 मार्च। मुम्बई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पर पिछले वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के आखिरी मैच में धीमे ओवर रेट के कारण एक मैच के लिए लगे प्रतिबंध के कारण आईपीएल के इस सत्र में टीम के लिए सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई इंडियंस की बागडोर संभालेंगे। हार्दिक ने कहा, यह मेरे नियंत्रण से बाहर की चीज है। पिछले साल आखिरी मुकाबले में हमने अंतिम ओवर 1.5 या दो मिनट देरी से किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यही नियम है। हमें प्रक्रिया के अनुसार ही चलना होगा। सूर्या भारत के कप्तान हैं और जब मैं नहीं हूं तो वह आदर्श विकल्प हैं।

उल्लेखनीय है कि हार्दिक 29 मार्च को गुजरात टाइटंस (जीटी) के साथ अहमदाबाद में होने वाले दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुंबई का घरेलू मैदान में दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) साथ मैच है। इसके बाद मुम्बई इंडियंस चार अप्रैल को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली ट्वंटी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

ऑकलैंड, 19 मार्च। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी-20 सीरीज में 33 की औसत और 112.50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहूहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई है।टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पार्क में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा, कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

**न्यूजीलैंड महिला टीम :** सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस कर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहू।

## जोश और जुनून के साथ सकारात्मक अंदाज में उतरेगी एलएसजी : खान

लखनऊ, 19 मार्च। भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मेंटर जहीर खान ने कहा कि जोशीले कप्तान रिषभ पंत की अगुवाई में उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नये सत्र में जुनून और सकारात्मक खेल भावना के साथ मैदान पर उतरेगी। जहीर ने बुधवार को यहां एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा एलएसजी नये कप्तान के साथ आईपीएल सत्र का आगाज करने जा रही है। रिषभ पंत जोशीले और उत्साही खिलाड़ी हैं जिनके नेतृत्व में एलएसजी निसंदेह सकारात्मक भाव के साथ मैदान पर उतरेगी। रिषभ जोश के साथ सटीक निर्णय लेने के लिये भी जाने जाते हैं। टीम का हर खिलाड़ी जोश और जुनून के साथ मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने को तैयार है और यही भावना टीम को नयी ऊंचाई पर ले जायेगी। चोटिल खिलाड़ी विशेषकर तेज गेंदबाजों की इस समस्या को लेकर जहीर ने कहा हमने इस समस्या को चयन किया तो हर पहलू को ध्यान में रखा। चोट लगना खेल का एक हिस्सा है और चोटिल खिलाड़ी के बदले हमे रिप्लेसमेंट के लिये तैयार रहना होगा। टीम की रणनीति और संयोजन को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि पहला मैच शुरु होने से पहले मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर फैसला लेना उचित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ टीम की मुलाकात को लेकर उन्होने कहा मुख्यमंत्री खेल की जानकारी रखते हैं।

# राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में बहुतुले और राठौड़ की टीम आईपीएल खिताब की ओर अग्रसर





जयपुर,19 मार्च। राजस्थान के जयपुर जिले में सवाई मानसिंह स्टेडियम में मार्च महीने में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले होने जा रहे हैं। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। राजस्थान के जयपुर में स्थित प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह स्टेडियम 2008 से इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स का घरेलू मैदान है और यह भारत के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियमों में से एक है। राजस्थान रॉयल्स ने 2008 में आईपीएल का उद्घाटन संस्करण जीता था। उन्होंने आईपीएल 2022 के फाइनल सहित छह बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इंडियन प्रीमियर लीग 2008 में अपने उद्घाटन संस्करण के बाद से दुनिया की सबसे लोकप्रिय लीगों में से एक बन गई है।

संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आईपीएल 2025 से पहले अपना कोचिंग स्टाफ मजबूत किया है। राहुल द्रविड़ को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद टीम ने विक्रम राठौर को अपना बैटिंग कोच चुना, स्पिन बॉलिंग कोच साईराज बहुतुले को बनाया गया है। राहुल द्रविड़ आईपीएल 2008, 2009 और 2010 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेले। बाद में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 2013 में चैंपियंस लीग ट्वेंटी20 के फाइनल में और 2013 में इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ को अंजाम दिया।

द्रविड़-राठौर की जोड़ी ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीताने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं साईराज बहुतुले को राजस्थान रॉयल्स ने स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है। साईराज बहुतुले, जो पहले 2018 से 2021 तक राजस्थान रॉयल्स के साथ थे, अब आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में फिर से जुड़े हैं। बहुतुले के पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 630 से अधिक विकेट और 6,000 रन बनाने का अनुभव है। उन्होंने मुंबई, बंगाल, केरल और भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम जैसी टीमों का मार्गदर्शन किया है।

विक्रम राठौड़ एक पूर्व भारतीय क्रिकेटर और क्रिकेट कोच हैं, जिन्होंने 1996 से 1997 तक 6 टेस्ट और 7 एकदिवसीय मैच खेले। वह दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज थे। राठौड़ प्रथम श्रेणी स्तर पर एक शानदार रन स्कोरर थे, उन्होंने 146 मैचों में 49.66 की औसत से 11,473 रन बनाए। इसमें कई धाराप्रवाह, स्ट्रोक से भरी शतकियां शामिल थीं।

विक्रम राठौर ने कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा होना सौभाग्य की बात है। एक बार फिर राहुल के साथ और अब युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का मौका मिला है। मैं टीम के विजन और रॉयल्स के लिए टॉप क्लास प्लेयर्स बनाने में मदद करूंगा, जो टीम को आईपीएल विजेता बनाने में मददगार होगा।

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि साईराज की स्पिन गेंदबाजी की गहरी समझ और उनके व्यापक कोचिंग अनुभव ने उन्हें हमारी टीम के लिए एक अमूल्य जोड़ बना दिया है। युवा गेंदबाजों को सलाह देने की उनकी सिद्ध क्षमता राजस्थान रॉयल्स में हमारे विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। उनके साथ पहले काम करने के बाद, मुझे विश्वास है कि उनकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन हमारे खिलाड़ियों को काफी लाभान्वित करेगा क्योंकि हम आगामी सीजन में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं।"

भारतीय टीम के पूर्व कोच और राजस्थान रॉयल्स के बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि हम इंग्लैंड के जोस बटलर को हम टीम में लेना चाहते थे लेकिन हमारे पास इतने पैसे नहीं थे। बटलर एक शानदार बल्लेबाज है और उन्होंने अकेले हाथों राजस्थान रॉयल्स को कई मैच जिताया है। हम छह ही खिलाड़ी को रीटेन कर सकते थे और उन्हें नहीं कर पाए। लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है कि टीम में उन सरीखे बल्लेबाज नहीं है, हमारे पास यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल जुरेल आदि ऐसे बल्लेबाज है, जो मैच में कुछ भी कर सकते हैं। टीम में कई बांए हाथ के बल्लेबाज भी है, जिसमें रियान पराग, शुभम दुबे, यशस्वी जायसवाल आदि है लेकिन इससे राइट और लेफ्ट का अच्छा कॉम्बीनेशन रहेगा।

कप्तान संजू सैमसन, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, संदीप शर्मा, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका, कुणाल राठौर, अशोक शर्मा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे।

## बॉम्बे उच्च न्यायालय ने फैमिली कोर्ट को दिया आदेश, चहल और धनश्री के तलाक पर ले फैसला : रिपोर्ट

मुंबई, 19 मार्च। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का रिश्ता अब खत्म होने की कगार पर है। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को दोनों के तलाक के लइए एक फैमिली कोर्ट आदेश दिया है कि कोर्ट गुरुवार 20 मार्च को ही दोनों के तलाक पर फैसला करे। ये आदेश आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सीजन में युजवेंद्र चहल की भागेदारी को देखते हुए दिया गया है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का रिश्ता बीते ढाई वर्षों से मुश्किलों से गुजर रहा है। दोनों ढाई साल से अलग रह रहे हैं। ऐसे में दोनों ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 बी के तहत आवश्यक छह महीने की कूलिंग-ऑफ अवधि से छूट दी जाए क्योंकि दोनों के बीच शादी को बनाए रखने की संभावनाओं पर विचार करने का विकल्प नहीं है। दोनों को सीधे तलाक की अनुमति मिले। तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने के दौरान दोनों ने तलाक लेने के पीछे कम्पैटिबिलिटी इश्यू को मुख्य कारण बताया है। इस मामले पर बार एंड बेंच की रिपोर्ट की मानें तो न्यायमूर्ति माधव जामदार ने फैमिली कोर्ट से 20 मार्च तक उनकी तलाक की अर्जी पर फैसला लेने को कहा है।

## त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में



बसेल (स्विट्जरलैंड), 19 मार्च। भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विश्व की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड की केली वैन ब्युटेन जोड़ी को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से आसानी से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमिली लेहमैन से होगा। एक अन्य मुकाबले में भारत की प्रिया कोनजेंगबाम-श्रुति मिश्रा की जोड़ी को तुर्क़ी की विश्व में 61वें नंबर की जोड़ी नाजलिकन इंसी और बेंगिसु एर्सेटिन ने 21-11, 21-19 से हराया, जबकि वर्षिनी विश्वनाथ श्री-आरती सारा सुनील को नीदरलैंड की डेबोरा जिल्ले और डेनमार्क की शटलर सारा थिगेसन ने 21-13, 21-13 से हराया।

## कबड्डी विश्वकप को आईकेएफ ने नहीं किया अधिकृत

नई दिल्ली 19 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने कहा है कि विश्व कबड्डी महासंघ के तत्वावधान में ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्वकप 2025 को हमने अधिकृत नहीं किया है। आईकेएफ ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कबड्डी के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय खेल महासंघ (जिसका अपने संबंधित देश के राष्ट्रीय ओलंपिक महासंघ से संबंध या जुड़ाव है), वह आईकेएफ और एकेएफ का सदस्य-संबद्ध है। अपने-अपने देशों में ओलंपिक सिस्टम की औपचारिक मान्यता वाले ये अधिकृत एनएसएफ ब्रिटेन में चल रहे तथाकथित कबड्डी विश्वकप 2025 में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ, एशियाई ओलंपिक परिषद और एशियाई कबड्डी महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय है। आईकेएफ 1990 से एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए कबड्डी की पदक स्पर्धा और अन्य अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंटों के संचालन की देखरेख और पर्यवेक्षण करता रहा है।

## भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन 23 को

जयपुर, 19 मार्च। यह कार्यक्रम हमारे सम्मानित सशस्त्र बलों के दिग्गजों की महान सेवा का सम्मान करने के लिए समर्पित है। भूतपूर्व सैनिक रैली का उद्देश्य बठिंडा और मानसा जिले में रहने वाले भूतपूर्व सैनिकों,वीर नारियों और युद्ध में हताहतों/शारीरिक रूप से हताहतों के परिजनों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके प्रति सौहार्द और कृतज्ञता प्रदर्शित करना है। यह कार्यक्रम उनकी शिकायतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करेगा और उनके स्वास्थ्य सेवा, पुनः रोजगार, शिक्षा, परिवार के अनुकूल गतिविधियों और कैरियर के अवसरों के संबंध में दिग्गजों से जुड़ने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। दिग्गजों को निर्दिष्ट स्थानों से रैली स्थल तक परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। सभी उपस्थित लोगों के लिए जलपान और दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के विभिन्न विभाग जैसे वेतन और भत्त, संबंधित रेजिमेंटल पेंशन विभाग, ईसीएचएस, सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन, जिला सैनिक बोर्ड,भारतीय सेना के दिग्गजों का विभाग (डीआईएवी) ,भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना भी रैली में अपने स्टॉल लगाएंगे। इसके अलावा,भूतपूर्व सैनिकों की सहायता के लिए विभिन्न बैंक और एक मेडिकल स्टॉल भी लगाया जाएगा।

# जयपुरिया एकेडमी व राजस्थान यूथ टीमें जीती

## 11वीं शमशेर सिंह स्मृति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता



जयपुर, 19 मार्च। राजस्थान कॉल्ट्स क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 11वीं शमशेर सिंह स्मृति महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैचों में जयपुरिया एकेडमी ने ए एल सैनी एकेडमी को 89 रनों से हराया तथा दूसरे मैच में राजस्थान यूथ ने राजस्थान कॉल्ट्स को 7 विकेट से हराया।

के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए पहले मैच में जयपुरिया एकेडमी ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निशा गुप्ता के 81 रन नाबाद(59 गेंद,14 चौके), भाविनी 14 रन, वंशिका 16 रन व शिवानी बिश्नोई के 13 रनों से 20 ओवर में 5 विकेट पर 144 रन बनाए। के एल सैनी एकेडमी की लिए नंदिनी ने 32 पर 3, पारुल शर्मा व अनुष्का शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी में के एल सैनी एकेडमी की टीम अनुष्का शर्मा के 25 रन व डोलवी शर्मा के 11 रनों से 17.5 ओवर में 55 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुरिया एकेडमी के लिए ऋषिता यादव ने 6 पर 3, रुतबा चौधरी, कनक शर्मा, याना गुप्ता, अर्चना योगी व वंशिका ने 1-1 विकेट लिए।

दूसरे मैच में के राजस्थान कॉल्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुमित्रा जाट के 42 रन, चहक बत्रा के 21 रन, संगीता कुमावत के 34 रन व अनिता चौधरी के 196 रन से 20 ओवर में 5 विकेट पर 124 रन बनाए। राजस्थान यूथ के लिए फ़ोरा गुर्जर ने 19 पर 2 व निशा ने 25 पर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने कृतिका गुलाब के 23 रन, नीतू शर्मा के 40 रन, तानिका शर्मा के नाबाद 24 रन व मेधावी के नाबाद 18 रन से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर 125 रन बनाकर मैच जीत लिया। राजस्थान कॉल्ट्स के लिए सीमा जाट, अनुष्का व मीनाक्षी ने एक-एक विकेट लिया।

## बीसीसीआई के आदेश फॉलो कर रहे है : राजीव खन्ना




जयपुर, 19 मार्च। राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने आरसीए एडहॉक कमेटी से किसी भी तरह का लेना-देना या आईपीएल को लेकर किसी भी तरह की भागीदारी से इंकार करते हुए कहा कि जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के पांच मैचों का आयोजन होगा। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने सवाई मानसिंह स्टेडियम की तैयारी शुरू कर दी है। हम खेल परिषद के निर्देशों पर ध्यान देते हुए काम कर रहे हैं। मैच के आयोजन को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से जो भी दिशा निर्देश दें। उसी के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। हम तो सिर्फ बीसीसीआई के आदेशानुसार स्पोर्ट्स कॉउन्सिल से मिलकर आईपीएल के 18वें सीजन के 5 मैचों को सफल बनाने लगे हुए हैं। ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर और भी सारी सुविधाएं राजस्थान रॉयल्स को स्पोर्ट्स कॉउन्सिल प्रोवाइड करवा रही है, आरसीए एडहॉक कमेटी का कोई लेना-देना नहीं है।

## राजस्थान के कोने-कोने से फुटबॉल की छिपी प्रतिभाओं को करेगा उजागर

### इंडिया खेलो फुटबॉल का काउंटडाउन शुरू

जयपुर, 19 मार्च। एक राष्ट्रव्यापी, गैर-लाभकारी पहल इंडिया खेलो फुटबॉल(आईकेएफ) इस बार टाइगर आईकेएफ सीजन-5 के तहत पूरे राजस्थान के 15 से अधिक शहरों व गांवों में फुटबॉल की छिपी व उभरती हुई प्रतिभाओं को उजागर कर उन्हें पेशेवर क्लबों से जोड़ेगा। आईकेएफ के संस्थापक फणीभूषण ने बताया कि आईकेएफ राजस्थान समेत पूरे भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने में अपने प्रयासों में अहम विस्तार कर रहा है। इंडिया खेलो फुटबॉल की पहल को टाइगर कैपिटल वित्तीय व पूंजीगत सहायता के माध्यम से राष्ट्र का निर्माण कर रही है। इंडिया खेलो फुटबॉल का अहम मकसद वित्तीय बाधाओं को कम करने समेत प्रतिभाओं को पनपने और समुदायों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस सीजन में स्पॉट ऑन स्पॉर्ट्स के सहयोग से राजस्थान में ट्रायल के प्रथम चरण में 23 मार्च को जयपुर, 30 मार्च को जोधपुर, 6 अप्रैल को डीडवाना-कुचामन, 13 अप्रैल को अलवर में खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जाएगा।

# आरसीए ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड के लिये चयनित नाम घोषित किये






जयपुर, 19 मार्च। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने विभिन्न श्रेणी में पुरस्कारों के लिये चयनित खिलाड़ियों के नाम घोषित कर दिये हैं। आरसीए की तदर्थ समिति के संयोजक एवं विधायक जयदीप बिहाणी ने बुधवार को बताया कि आरसीए अवार्ड के लिये गठित पुरस्कार चयन समिति के सदस्य रतन सिंह, विमल शर्मा एवं हरीश चंद्र ने आज आयोजित बैठक में विभिन्न आयु वर्ग में राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाड़ियों को आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाडी अवार्ड 'अभिमान' एवं सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड के चयनित खिलाड़ियों के नाम घोषित किये।

आरसीए तदर्थ समिति के सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने बताया कि आरसीए द्वारा हर आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला खिलाडी को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही राज्य के पूर्व प्रशासकों को उनके राज्य क्रिकेट में दिए गए अहम् योगदान के लिये सम्मानित करते हुए उन्हें मरणोपरांत 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' के साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र , स्मृति चिन्ह और एक लाख रुपये की इनामी राशि दिए जाएगी। उन्होंने बताया कि आरसीए द्वारा 25 मार्च को जयपुर में होटल मैरियट में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

सिंह ने बताया कि हनुमंत सिंह अवार्ड के लिये सीनियर पुरुष वर्ग में महिपाल लोमरोर को सर्वश्रेष्ठ सीनियर पुरुष खिलाडी और महिला वर्ग में सुमन मीणा को सर्वश्रेष्ठ सीनियर महिला खिलाड़ी चुना गया। इसी प्रकार सलीम दुर्रानी अवार्ड - अंडर 23 आयु वर्ग में मोहित जांगरा को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और उषा परेरिया को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने बताया कि किशन रूंगटा अवार्ड -अंडर 19 आयु वर्ग में जतिन सैनी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और मैना सियोल को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। लक्ष्मण सिंह अवार्ड के लिये अंडर-16 में यथार्थ भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ अंडर-16 पुरुष खिलाड़ी और धृति माथुर को सर्वश्रेष्ठ अंडर- 15 महिला खिलाड़ी चुना गया।

इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड के लिये कार्तिक शर्मा को सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर पुरुष और आयुषी गर्ग को सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर महिला खिलाड़ी चुना गया। आरसीए समिति के सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व प्रशासक एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार को खेल में दिए उनके अहम् योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें मरणोपरांत आरसीए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित करेगा। इनमें दिवंगत कमल मोटारका, अशोक ओहरी, राजेंद्र सिंह राठौर, राकेश अग्रवाल शामिल हैं।

## वरिष्ठ खेल पत्रकार सुंदरलाल मथुरिया को मरणोपरांत आरसीए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



जयपुर के सभी खेल पत्रकार एक साथ 1978, राजस्थान पोलो क्लब, 'लेफ्ट टू राइट' मो. यासीन, अनिल वैष्णय, गुलाब बत्रा, अजय ढड्डा, प्रकाश भंडारी, (सीटिंग) सुंदरलाल मथुरिया और अब्दुल गनी।

आरसीए खेल पत्रकार दिवंगत सुंदर लाल मथुरिया को खेलों में उनके योगदान को देखते हुए मरणोपरांत लाइफ टाइम आरसीए अवार्ड से सम्मानित करेगा। शर्मा ने बताया कि राजस्थान में खेल पत्रकारिता की नींव रखने वाले सुंदरलाल मथुरिया, जिन्हें एस.एल. मथुरिया के नाम से भी जाना जाता है, को राज्य में खेल पत्रकारिता का जनक कहा जाता है। उन्होंने राज्य में 60, 70 और 80 के दशक में खेल पत्रकारिता को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया और कई उभरते खेल पत्रकारों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि मथुरिया ने प्रतिष्ठित समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका और समाचार एजेंसी यूएनआई में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने राजस्थान के दैनिक समाचार पत्रों में खेलों के लिए अलग से एक पृष्ठ आरंभ करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे खेल जगत को अधिक प्रमुखता मिली। इसके साथ ही मथुरिया ने समाचार एजेंसी यूएनआई के माध्यम से राजस्थान की खेल की खबरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया। उनके प्रयासों से न केवल राज्य में खेल पत्रकारिता का विकास हुआ, बल्कि कई युवा पत्रकारों को भी प्रेरणा मिली। उनके योगदान को राजस्थान में खेल और पत्रकारिता के क्षेत्र में हमेशा याद किया जाएगा।

# किसान कल्याण उत्थान हमारी प्राथमिकता- मु.मंत्री भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च को राजस्थान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को लाभान्वित किया जाएगा

जयपुर, 19 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले वृहद् कार्यक्रमों में प्रदेश के किसान एवं वंचित वर्ग को राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेगी।

उन्होंने कहा कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजनाओं को सुशासन के जरिए धरातल पर उतार रही है। शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश का किसान वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के अन्नदाता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए 28 से 30 मार्च के बीच किसान उत्पादक संगठनों के 3 दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

यह आयोजन एफपीओ के लिए बाजार सम्पर्क, ब्रांड निर्माण, बिक्री संवर्धन और क्षमता विकास को मजबूत बनाने तथा एफपीओ को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक बाजार भी प्रदान करेगा। साथ ही, किसान कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तांतरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गांव-ढाणी के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

- **उन्होंने बताया कि 28 मार्च से 30 मार्च तक किसानों के लिए तीन दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा तथा किसान कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान दिया जाएगा।**

राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण, निर्माण श्रमिकों को राशि हस्तांतरण, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, डेयरी बूथ आवंटन, विद्युत चलित चाक का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

## संघ ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अंबेडकर से सीधा सवाल पूछा गया था कि क्या आज औरंगज़ेब प्रासंगिक हैं, तो उन्होंने नहीं प्रासंगिक नहीं है। ज्ञातव्य है कि औरंगज़ेब की कब्र हटाने की मुहिम संघ से सम्बंधित संगठनों विश्व हिंदु परिषद व बजरंग दल ने छेड़ रखी है।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी विहिप बजरंग दल द्वारा औरंगज़ेब का मुद्दा उठाने पर सवाल उठाया और कहा कि यह तो 300 साल पहले मर चुका है अम्बेडकर ने प्रतिनिधि सभा की मीटिंग के एजेंडा की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा आर.एस.एस. की सर्वोच्च निर्णयकारी संस्था है। अम्बेडकर ने कहा संघ की 32 इकाइयों के प्रमुख इसमें भाग लेंगे। भाजपा की तरफ से जे.पी. नड्डा भाग लेंगे।

उन्होंने कहा प्रतिनिधिसभा में दो प्रस्ताव रखे जाने की संभावना है। पहला बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों के संरक्षण से संबंधित है तथा दूसरा प्रस्ताव संघ जिसकी स्थापना 1925 में नागपुर में हुई थी के 100 साल के सफर से सम्बंधित है।

इस वर्ष विजयदशमी को आर.एस.एस. के 100 साल पूरे हो जाएंगे। अम्बेडकर ने बताया हर साल 12000 युवा संघ में शामिल होते हैं। संघ के युवा सदस्यों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। प्रतिनिधि सभा में संघ अपने मुख्य लक्ष्य, हर गांव में शाखा खोले जाने, की भी समीक्षा करेगा।

# पंजाब पुलिस ने डल्लेवाल सहित कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया

## पंजाब पुलिस ने 13 माह से बंद शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा दिया है

चंडीगढ़ , 19 मार्च। पंजाब पुलिस ने 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर को खाली करा दिया है। यहां आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया गया। इस दौरान 200 किसानों को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद बुलडोजर से किसानों के बनाए शेड तोड़ दिए गए।

पंजाब पुलिस की कार्रवाई के बाद कल हरियाणा पुलिस भी दोनों बॉर्डर पर पहुंचेगी, जिसके बाद सीमेंट की बैरिकेडिंग हटाई जाएगी और फिर शंभू बॉर्डर से जीटी रोड को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

इससे पहले शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र सरकार के बीच बुधवार को 7वीं वार्ता बेनतीजा रही। इसमें किसान नेता समेत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी शामिल हुए। सरकार और किसानों के बीच अगली बैठक 4 मई को होगी। इसमें पंजाब सरकार ने किसानों को बॉर्डर

- **इधर बुधवार को किसानों व केन्द्र सरकार के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही।**

खाली करने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। जिसके बाद आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत डल्लेवाल को हिरासत में लिया गया। पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि वे शंभू और खनौरी बॉर्डर को खोलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को दिल्ली या कहीं और विरोध प्रदर्शन करना चाहिए। क्योंकि उनकी मांगें केंद्र सरकार के खिलाफ हैं। किसान 13 फरवरी से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। तब दिल्ली जाते वक्त हरियाणा पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें वहां रोक लिया था।

## 'एक दिन में 5 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समिति बनेगी।

कोचिंग सेन्टर्स की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाये जाने के लिए राज्य स्तरीय पोर्टल और विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से मानसिक संबल प्रदान करने के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन भी स्थापित की जाएगी।

कोई भी कोचिंग सेंटर भ्रामक विज्ञापन नहीं देगा और न ही किसी तरह के अन्य विज्ञापनों में भाग लेगा।

कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम की पूरी फीस जमा कर देता है और अगर बीच में पढ़ाई छोड़ता है तो शेष अवधि के लिए पूर्व में जमा फीस दस दिन में वापस देनी होगी।

हर कोचिंग सेंटर को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल विकास के लिए काउंसिल सेशन करने होंगे।

कोचिंग संस्थान किसी भी विद्यार्थी को एक दिन में 5 घंटे से ज्यादा नहीं पढाएंगे। प्रस्तावित कानून के अस्तित्व में आने के बाद, प्रत्येक कोचिंग संस्थान को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा।

## थप्पड कांड के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभिरक्षा में चल रहा है। मामले में उसके खिलाफ राजनीतिक द्वेष से कई मामले दर्ज कराए गए हैं। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि जनप्रतिनिधि का चुनाव लड रहे याचिकाकर्ता ने चुनावी ड्यूटी कर रहे सरकारी अधिकारी से मारपीट की है। यदि जनप्रतिनिधि ही ऐसा करेंगे तो इससे आमजन में क्या संदेश जाएगा। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान समरावता गांव के लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार कर रखा था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा वहां ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठा था। इस दौरान मीणा ने अधिकारियों पर ग्रामीणों से जबरन मतदान कराने का आरोप लगाए। इसके बाद नरेश मीणा ने मतदान बूथ पर मौजूद एसडीएम अमित चौधरी से धक्का-मुक्की की और थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने नरेश मीणा के खिलाफ अलग-अलग कई मामले दर्ज किए थे।

## एक तरफ भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चलाये जाने के लिये, बाँग्लादेश उन्हें वापस भेजने का अनुरोध कई बार कर चुका है। भारत को बाँग्लादेशियों के भारत आने पर इसलिये सख्ती करनी पड़ी, क्योंकि भारत, बाँग्लादेश को रेल, न्यूक्लियर पावर प्लान्ट्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों तथा रक्षा-खरीद के लिये 7 बिलियन डॉलर दे चुका था, और इनमें से कुछ प्रोजेक्टों के अवरुद्ध होने की संभावना थी। इस माह के शुरु में, भारतीय विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि बाँग्लादेश में भारत के कुछ प्रोजेक्ट प्रभावित हो सकते हैं तथा दोनों पक्षों ने "प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो" की व्यवस्थाओं पर चर्चा की थी। हसीना की सरकार के हटने के बाद से भारत व बाँग्लादेश के रिश्तों में भारी तनाव व्याप्त है।

# 'ईडी पिछले दस साल में केवल दो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कोयला घोटाले के सिलसिले में, तृणमूल महासचिव अभिषेग बनर्जी से कई बार पूछताछ कर चुकी है। अभिषेक बनर्जी का नाम शिक्षक भर्ती घोटाले के प्रकरण में एक अन्य केन्द्रीय एजेंसी, सीबीआई द्वारा पेश की गई चार्जशीट में भी है। इस केस में वे इस समय ट्रायल का सामना कर रहे हैं।

माकपा सांसद एए रहीम ने अपने गैर-तारांकित प्रश्न में वित्त मंत्रालय से पूछा था कि पिछले 10 वर्षों में सांसदों, विधायकों तथा स्थानीय निकायों के नेताओं के खिलाफ कितने केस दर्ज हुये। इन केसों का राज्य एवं पार्टी-वार ब्रेकअप बताया जाये तथा यह भी बताया जाये कि इनमें से कितने नेता दोषी पाये गये तथा कितने निर्दोष घोषित किये गये।

उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या पिछले 10 वर्षों में विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज केसों की संख्या में कोई वृद्धि हुई है। मंत्री ने अपने लिखित उत्तर में कहा कि एजेंसी के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज केसों की संख्या में वृद्धि हुई है अथवा नहीं।

राष्ट्रीय विपक्षी दल प्रायः ईडी तथा सीबीआई जैसी केन्द्रीय एजेन्सियों को भाजपा की "वॉशिंग मशीन" कहते रहे हैं। माकपा सांसद द्वारा पूछे गये एक अन्य प्रश्न- क्या सरकार ने इस एजेन्सी की दक्षता बढ़ाने के लिये कोई कदम उठायें हैं- के उत्तर में मंत्री ने लिखाः "भारत सरकार की लॉ-एन्फोर्समैंट एजेन्सी, ईडी को प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट 2002, फॉरेन एक्सचैंज मैनेजमैंट एक्ट 1999 तथा फ्यूज़िटिव इकोनॉमिक ऑफेन्डर्स एक्ट 2018 के प्रवर्तन (एन्फोर्समैंट) की जिम्मेदारी सौंपी है। ईडी विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर इनसे संबंधित मामलों की जाँच-पड़ताल करती है तथा राजनैतिक सम्बद्धता, धर्म तथा अन्य आधारों पर कोई भेदभाव नहीं करती है। ईडी की कार्यवाही न्यायिक समीक्षा के लिये खुली रहती है। एजेंसी विभिन्न न्यायिक संस्थाओं के प्रति जवाबदेह है।" इन न्यायिक संस्थाओं में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, जिसने पिछले नवम्बर में चटर्जी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा था कि एजेंसी द्वारा दर्ज केसों में दोष-सिद्धि की दर बहुत कम है। अदालत ने एजेंसी से कहा था कि वह अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) पर ध्यान दे। शीर्ष अदालत ने पूछा था कि किसी व्यक्ति को ट्रायल के तहत कितने समय तक रखा जा सकता है। अदालत ने अपनी टिप्पणी में गिरफ्तारी के मामले में समान नीति अपनाये जाने की जरूरत बताई थी।

## 18 पत्रकारों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मंजूर की गई है उनमें से दो पत्रकार दिवंगत हो चुके हैं उनकी सम्मान निधि प्रतिमाह उनकी पत्नियों को (आधी राशि) नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

## वन रक्षक भर्ती परीक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वी.के. सिंह ने बताया कि पेपर लीक से संबंधित एफआईआर बांसवाड़ा में दर्ज हुई थी। गुरूवार को चारों आरोपियों को बांसवाड़ा कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी भवानी शंकर मीणा ने बताया कि वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020, 13 नवम्बर 2021 को आयोजित हुई थी। इस दौरान सांवला राम जाट के घर पर उसकी महिला मित्र शारदा पुत्री नगाजी भील सहित छह लोगों को पेपर पढ़ाया गया था। एसओजी ने बुधवार को सांवला राम जाट के घर पर पेपर पढ़ने और तबीयत खराब होने पर पेपर देने के बाद भी फेल होने वाली शारदा भील को गिरफ्तार किया। वहीं भीयाराम (31) निवासी अरटवाव पुलिस थाना गुढामलानी जिला बाड़मेर हाल पुलिस कांस्टेबल पुलिस थाना डबोक उदयपुर को गिरफ्तार किया। एसओजी ने कांस्टेबल देवाराम (34) निवासी मीरपुरा पुलिस थाना करडा जिला जालौर हाल पुलिस कांस्टेबल रिजर्व पुलिस लाइन, उदयपुर को गिरफ्तार किया। देवाराम ने अपनी दो महिला मित्र रेशमी चिलका और शारदा को पेपर सांवला राम जाट के घर पर पढ़ाया। वहीं कांस्टेबल कमलेश कुमार (30) निवासी मीरपुरा पुलिस थाना करडा जिला जालौर हाल पुलिस कांस्टेबल रिजर्व पुलिस लाइन, उदयपुर ने अपने एक साथी को सांवला राम के घर पर वन रक्षक का पेपर पढ़ाया और परीक्षा सेंटर तक छोड़ने गया था।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600